केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com




महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

अपने कर्म अच्छे हों तो दुःख को जीवन में कभी स्थान नहीं मिलेगा


वर्ष : 16 अंक : 230 | उज्जैन, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


## न्यूज ब्रीफ

### मुझे ही सबसे ज्यादा गाली पड़ी... भाजपा सांसद की पीड़ा, अखिलेश-गिरिराज ने खेला सेफ गेम



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। लेकिन सियासी बयान बाजी का दौर जारी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने वहीं किया जो मैंने कहा था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शायरी अंदाज में रिएक्शन दिया है। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूजीसी के नए नियम को लेकर मुझ पर अभद्र टिप्पणियां की गईं। आज सुप्रीम कोर्ट ने वहीं किया जो मैंनै कहा। एक्स पोस्ट पर निशिकांत दुबे ने लिखा है कि UGC पर गाली देने वाले सभी ज्ञानी, पिछले 2 दिनों से संसद जा रहा हूं, किसी राजनीतिक दल के किसी सदस्य ने इसपर चर्चा तक करना मुनासिब नहीं समझा? उल्टा जिस सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में EWS को 10 प्रतिशत आरक्षण देकर गरीब की सुध ली, उसी को गाली। मैं दुबारा आपसे करबद्ध निवेदन करता हूं कि मोदी जी पर भरोसा रखिए, संविधान की धारा 14 एवं 15 के तहत ही देश के क़ानून चलेंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर सरकार यूजीसी नियम जारी करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। सोशल मीडिया पर पूर्व सीएम ने लिखा-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी द्वारा देश के सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों मे जातिवादी घटनाओं को रोकने के लिए जो नये नियम लागू किये गये है, जिससे सामाजिक तनाव का वातावरण पैदा हो गया है। ऐसे वर्तमान हालात के मद्देनजर रखते हुये माननीय सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नये नियम पर रोक लगाने का आज का फैसला उचित जबकि देश में, इस मामले में सामाजिक तनाव आदि का वातावरण पैदा ही नहीं होता अगर यूजीसी नये नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती और जॉच कमेटी आदि में भी अपरकास्ट समाज को नेचुरल जस्टिस के अन्तर्गत उचित प्रतिनिधित्व दे देती।

### 728 करोड़ की लागत से संवरेगा दिल्ली का कई इलाका, रेखा सरकार का मॉनसून से पहले राहत का वादा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** दिल्ली की लगभग एक-तिहाई आबादी वाले ट्रांस-यमुना क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए, ट्रांस-यमुना क्षेत्र विकास बोर्ड की पहली बैठक में 728 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़कों, ड्रेनेज, जलभराव, बुनियादी सुविधाओं और सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांस-यमुना क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, ट्रांस-यमुना विकास बोर्ड के चेयरमैन और विधायक अरविंदर सिंह लवली और बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ट्रांस-यमुना क्षेत्र का विकास सरकार की टॉप प्राथमिकताओं में से एक है। सरकार का लक्ष्य ट्रांस-यमुना क्षेत्र को इस हद तक विकसित करना है कि यहां के लोगों को उपेक्षित महसूस न हो और उन्हें दिल्ली के अन्य हिस्सों की तरह बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में बोर्ड की निष्क्रियता के कारण ट्रांस-यमुना क्षेत्र के लोग परेशान थे। खराब सड़कें, जलभराव, खराब ड्रेनेज सिस्टम और ट्रैफिक जाम लोगों के लिए रोज़ की समस्या बन गए थे।

# भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपोसाधना और समर्पण का सम्मान : मुख्यमंत्री

## किसान हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था के हैं कर्णधार




**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मौसम कोई भी हो, किसानों को हमेशा अपने खेत-खलिहान की ही चिंता रहती है। फसल अच्छी हो, तो पूरे साल की हरियाली... पर किसी वजह से कम पैदावार हो जाए, कीड़ा लग जाए, ओला-पाला से फसल खराब हो जाए, तो फिर पूरे साल का सूखा। अब ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। किसान हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें कोई भी परेशानी हो, कठिनाई हो, तो हमारी सरकार किसानों का संबल और इनकी ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है। किसान हमारी संस्कृति का आधार हैं, हमारी धरोहर हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था के वास्तविक कर्णधार हैं। किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना, इनके खेत, खलिहानों और घरों में समृद्धि लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की समृद्धि है। सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार का प्रयास है। यह योजना किसानों के कठिन तप, साधना और समर्पण का सम्मान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में अन्नदाता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रूपए की भावांतर राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक 7 लाख 10 हजार से अधिक किसानों को हमारी सरकार लगभग 1500 करोड़ रूपए की भावांतर राशि सोयाबीन उत्पादक किसानों को दे चुकी है। आज जिन किसानों को भावांतर की राशि मिली है, उसमें मंदसौर?जिले के किसान भी शामिल हैं। मंदसौर जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को लगभग 43 करोड़ रूपए की भावांतर राशि मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भावांतर योजना में मंदसौर जिले के 5 किसान श्री रघुवीर सिंह को 95 हजार रूपए, श्री मुकेश पाटीदार को 73 हजार रूपए, श्री ओमकार सिंह को 64 हजार रूपए सहित श्री रामदयाल और श्री जगदीशचंद्र पाटीदार को भी भावांतर राशि के चेक भी सौंपे।

मल्हारगढ़ सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एक बेहद संवेदनशील पक्ष भी सामने आया। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ में हुई एक दुर्घटना में जान की बाजी लगाकर 4 लोगों की जिन्दगी बचाने वाले स्व. मनोहर सिंह चौहान के पुत्र श्री संजय सिंह को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शौर्य का सम्मान है। मल्हारगढ़ के पास हुई एक दुर्घटना में एक कार को पानी में डूबते देखकर अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री मनोहर सिंह तत्काल पानी में कूदे। कार में मौजूद 4 जिंदगियां तो बचा लीं, पर खुद की जान न बचा सके। ऐसी वीरता को सम्मानित करना हमारा फर्ज है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. मनोहर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र श्री संजय सिंह को विशेष प्रकरण के तहत पुलिस आरक्षक (जीडी) के पद पर सीधा नियुक्ति-पत्र (अनुकम्पा के रूप में) दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता प्रदर्शित करने वाला हर नागरिक सम्मान का अधिकारी है। हम सबमें दूसरों की जिंदगी बचाने का करूणा भाव होना ही चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर जिलेवासियों को भी विभिन्न विकास कार्यों की सौगातें दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 51.91 करोड़ रूपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर 4 लेन फ्लाई-ओवर निर्माण तथा पिपलिया मंडी में 5.53 करोड़ रूपए लागत से बनने वाले रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन से नारायणगढ़ मार्ग पर 2.06 करोड़ रूपए लागत से नवनिर्मित रेलवे अंडर-पास का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा की मांग पर मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलियामंडी में नया फ्लाई-ओवर ब्रिज बनाने सहित भुवानी माता मंदिर का जीर्णोद्धार कराने और काका गाडगिल सागर डेम को एक आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदसौरवासियों को 25 करोड़ की लागत से बने भगवान श्री पशुपतिनाथ लोक के रूप में आज एक और बड़ी सौगात भी मिली है।

## चर्चा करनी हो तो बाहर जाएं सदन में बातचीत कर रहे सांसदों को स्पीकर की फटकार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान आपस में लगातार बातचीत कर रहे सदस्यों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि वे आपस में ही लंबी चर्चा करना चाहते हैं तो उन्हें सदन से बाहर जाना चाहिए।

उधर, राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने बजट सत्र के दौरान ऊपरी सदन के सदस्यों से शिष्टाचार बनाए रखने और रचनात्मक बहस का आह्वान किया। लोकसभा में स्पीकर ने कहा कि उन्होंने देखा है कि दोनों पक्षों के सदस्य एक-दूसरे से लगातार बात कर रहे हैं, जिससे अन्य सदस्यों को परेशानी हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने बात कर रहे सांसदों को फटकारा

ऐसा व्यवहार सदन की गरिमा के खिलाफ है और जो सदस्य लंबी चर्चा करना चाहते हैं, उन्हें सदन से बाहर जाना चाहिए। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि संक्षिप्त बातचीत की अनुमति है, लेकिन लंबी चर्चाओं की नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि अब से वे उन सदस्यों के नाम लेंगे जो सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल से कहा कि वे अपने साथी सदस्यों के साथ बातचीत को संक्षिप्त करें। उधर, राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उच्च सदन के 270वें सत्र की शुरुआत करते हुए सदस्यों से अनुरोध किया कि वे बजट 2026-27 और अन्य महत्वपूर्ण विधायी प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान संसद में शिष्टाचार के उच्चतम मानकों को बनाए रखें।

लंबी चर्चा के लिए सदन से बाहर जाने को कहा- अपने उद्घाटन भाषण में राधाकृष्णन ने कहा,मैं सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि वे सदन और समितियों में विचार-विमर्श में प्रभावशाली और रचनात्मक योगदान दें।

विधायी कार्य की महत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने राज्यसभा सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित कार्य के हर मिनट का उपयोग करें।

महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को याद करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि सदस्यों को अपने आचरण में लोकतंत्र और अनुशासन के मूल्यों को बनाए रखना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया और कहा कि जल्द ही देश तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने जा रहा है।

### 2030 तक देश में रोजगार में 13% तक की हो सकती है वृद्धि, इकोनॉमिक सर्वे में सामने आई बात



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** रोजगार वृद्धि के संकेतकों पर संतोष की मुहर लगाते हुए आर्थिक सर्वेक्षण ने इस दिशा में तेज सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यबल के मौजूदा अनुपात की चर्चा करते हुए वर्ष 2025 की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि यदि औपचारिक कौशल प्रशिक्षण में निवेश के माध्यम से कुशल कार्यबल में 12 प्रतिशत की वृद्धि की जाए तो वर्ष 2030 तक श्रम प्रधान क्षेत्रों में रोजगार में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा कौशल विकास पर विस्तार से चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) के डिप्लोमा को स्नातक स्तर की डिग्री में परिवर्तित करने का भी महत्वपूर्ण सुझाव दिया है।विशेषज्ञों ने कौशल विकास की मौजूदा स्थिति पर प्रकाश डालते हुए भविष्य के लिए रोडमैप दिखाने का भी प्रयास किया है।

### ये सब बर्दाश्त नहीं, उत्तराखंड में कश्मीरी युवक पर हमले के बाद गुस्साए सीएम उमर अब्दुल्ला, पुष्कर धामी को लगाया फोन



**श्रीनगर/ जीएनएस।** उत्तराखंड के विकासनगर में कश्मीरी शॉल विक्रेता के साथ हुई हिंसा पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को फोन करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने सख्त लहजे में कहा है कि हिमाचल प्रदेश में हुए हाल के हमलों और अब यह हमला, ये सब बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। इन्हें हर हाल में रोकना ही होगा। यह दावा नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, जबकि कश्मीर के लोग देश के दूसरे हिस्सों में अपनी जान के डर से जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार जहां भी जरूरी होगा, दखल देगी और यह सुनिश्चित करने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी। ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार का गृह मंत्रालय भी इसी तरह दूसरे राज्यों को भी इस बारे में जागरूक करेगा।

## घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन देने की मांग उठी, SC ने सुनवाई से किया इनकार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश में घरेलू कामगारों के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचे और न्यूनतम वेतन की मांग करने वाली एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए सुनने से इनकार कर दिया है कि ऐसा कदम हर भारतीय घर को कानूनी युद्धभूमि में बदल सकता है।

कोर्ट ने कहा कि वह केंद्र और राज्यों को मौजूदा कानूनों में संशोधन पर विचार करने के लिए कोई आदेश नहीं दे सकता। आपकी सभी प्रार्थनाएं विधायी प्रकृति की हैं। चूंकि ट्रेड यूनियनवाद देश में औद्योगिक विकास को रोकने के लिए काफी हद तक जिम्मेदार रहा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने गुरुवार को कहा, देश में कितने औद्योगिक इकाइयां ट्रेड यूनियनों के कारण बंद हो गई हैं? हमें वास्तविकताओं से अवगत कराएं। देश में सभी पारंपरिक उद्योग, ये झंडा यूनियन के कारण बंद हो गए हैं। ये काम नहीं करना चाहते। ये ट्रेड यूनियन नेता औद्योगिक विकास को रोकने के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं।

## ट्रंप का टैरिफ, चीन की चाल और AI का खतरा: भारत की क्या है प्लानिंग




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वर्ष 2025 भारतीय रुपये के लिए बहुत ही खराब रहा और मौजूदा वर्ष 2026 में भी गिरावट का दौर जारी है।

लेकिन आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 का कहना है कि एक डॉलर के बदले रुपये का 91-92 के स्तर पर होना इसकी क्षमता का और भारत की अर्थव्यवस्था का सही आकलन नहीं है। संसद में आज पेश आर्थिक सर्वेक्षण ने भारतीय रुपये की हालिया गिरावट पर विस्तार से प्रकाश डाला है। रुपए का अंडरवैल्यूड होना चिंता की बात नहीं- इस सर्वेक्षण का कहना है कि भारत की मजबूत आर्थिक बुनियादी बातें जैसे उच्च विकास दर, नियंत्रित मुद्रास्फीति, कॉरपोरेट व बैंकों की मजबूत स्थिति, कर्ज देने में लगातार हो रही वृद्धि बहुत ही अच्छा माहौल दे रही हैं, इसके बावजूद मजबूत रुपया अभी दबाव में रह सकती है।

इसकी स्थिति बेहतर करने के लिए ढांचागत स्तर पर आर्थिक सुधारों के क्रियान्वयन पर और ध्यान देना होगा। सर्वेक्षण में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि रुपये की मौजूदा कीमत भारत की आर्थिक स्थिति को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं कर रही है, और यह अंडरवैल्यूड (कीमत इसकी क्षमता से कम) है।

रुपये की कमजोरी के पीछे मुख्य कारण वस्तुओं में लगातार व्यापार घाटे को बताया गया है जबकि सेवाओं और रेमिटेंस (विदेशों में रहने वाले भारतीयों की तरफ से भेजी जाने वाली राशि) से आने वाली मुद्रा इस घाटे को पूरी तरह भर नहीं पाती।

अमेरिकी टैरिफ रुपये पर प्रमुख खतरा- भारत को संतुलन भुगतान बनाए रखने के लिए विदेशी पूंजी प्रवाह पर निर्भर रहना पड़ता है और जब भी इस प्रवाह में कमी होती है जैसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बाहर जाने से तो भुगतान संतुलन प्रभावित होता है।

इसका असर रुपये की कीमत पर होती है। अभी वैश्विक अनिश्चतता, अमेरिकी टैरिफ और आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस का भी खतरा है और इससे भारत में आने वाले निवेश पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है जो रुपये पर दबाव को बढ़ाये हुए है। सर्वेक्षण ने इन्हें वैश्विक कारक करार दिया है जो रुपये को अपना शिकार बनाते हैं।

सर्वेक्षण के मुताबिक एक अप्रैल, 2025 से 22 जनवरी, 2026 तक रुपये में अमेरिकी डालर के मुकाबले लगभग 6.5 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी, वैसे यह दुनिया के अन्य विकासशील देशों में सबसे तेज गिरावट रही थी लेकिन सर्वेक्षण ने व्यवस्थित माना है।

हाल ही में रुपये ने 92 के स्तर को छूकर नया निचला स्तर बनाया। इसके बावजूद सर्वेक्षण मानता है कि कमजोर रुपये से फिलहाल नुकसान नहीं, बल्कि फायदा हो रहा है क्योंकि यह अमेरिकी संरक्षणवाद और उच्च टैरिफ के प्रभाव को कुछ हद तक कम करता है। इसमें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम कीमतों का भी योगदान है।

भारत के लिए तीन ग्लोबल खतरे- सर्वेक्षण ने 2026 के लिए तीन वैश्विक जोखिम परिदृश्य का जिक्र किया है, जिनमें पूंजी प्रवाह में बाधा प्रमुख है। अगर भारत में आना वाला निवेश की रफ्तार कम होती है तो रुपये पर दबाव बढ़ेगा। निवेशकों के स्तर पर भारत में निवेश करने की इच्छा में आ रही गिरावट को गंभीरता से लेने का सुझाव दिया गया है।

## आखिरी समय में बदला गया था अजित पवार के प्लेन का पायलट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** अजित पवार के विमान हादसे में जान गंवाने वाले पायलट कैप्टन सुमित कपूर उस दिन यह उड़ान भरने वाले नहीं थे। उनके दोस्तों के मुताबिक, वे आखिरी समय में दूसरे पायलट की जगह इस उड़ान के लिए गए थे।

जिस पायलट को उड़ान भरनी थी वह ट्रैफिक में फंस गया था, इसलिए सुमित कपूर को उसकी जगह भेजा गया। कैप्टन सुमित कपूर कुछ दिन पहले ही हांगकांग से लौटे थे। दोस्तों का कहना है कि उन्हें इस उड़ान की जानकारी हादसे से कुछ घंटे पहले ही दी गई थी।

कैसे हुआ हादसा- उन्हें मुंबई से अजित पवार को लेकर बारामती जाना था, जहां पवार को चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होना था। सुबह करीब 8 बजे दिल्ली की कंपनी वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित लियरजेट-45 विमान ने मुंबई से उड़ान भरी। विमान में अजित पवार समेत कुल पांच लोग सवार थे।

यह हादसा सुबह करीब 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश के दौरान हुआ। विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में कैप्टन सुमित कपूर, को-पायलट कैप्टन शंभवी पाठक, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली और अजित पवार के सुरक्षा गार्ड विदिप जाधव शामिल हैं।




# महापौर ने राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण कर वसूली व्यवस्था की समीक्षा, करदाताओं को समय पर सूचना देने के दिए निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने आज नगर निगम मुख्यालय स्थित राजस्व विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर श्री भार्गव ने निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग में संचालित कैश काउंटर का अवलोकन किया तथा प्रभारी अधिकारियों से वर्तमान एवं विगत वर्षों की राजस्व वसूली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से हो रही राजस्व वसूली, जलकर वसूली की प्रगति एवं संपूर्ण कार्यप्रणाली की समीक्षा की। साथ ही विगत दिनों ज़ोनवार आयोजित किए गए राजस्व शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के करदाताओं को उनकी बकाया राजस्व राशि की जानकारी देने के लिए प्रत्येक माह कम से कम दो बार एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जाए, जिससे करदाता समय पर कर का भुगतान कर सकें और निगम की राजस्व वसूली में वृद्धि हो सके।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि नगर निगम की आर्थिक मजबूती और शहर में होने वाले मूलभूत विकास कार्यों का आधार राजस्व विभाग है। राजस्व विभाग द्वारा की गई वसूली के आधार पर ही शहर के विकास कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने समय पर कर भुगतान कर नगर के विकास में सहयोग देने वाले इंदौर के करदाताओं का आभार व्यक्त किया।

महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निगम द्वारा कराए गए जीआईएस सर्वे एवं राजस्व शिविरों के माध्यम से सामने आए संपत्तियों से संबंधित त्रुटिपूर्ण मामलों में संबंधित नागरिकों को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए और नियमानुसार ही राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही शहर में संचालित होटल, होस्टल एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवसायिक अभिलेखों में पंजीकृत कर उनसे व्यवसायिक दर से कर वसूली करने के निर्देश दिए गए, ताकि नगर निगम के राजस्व में निरंतर वृद्धि हो सके।

## नो एंट्री उल्लंघन पर इंदौर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 12 भारी वाहनों पर 60 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा-निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन किया जा रहा है। इसी के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित रूप से चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर पुलिस द्वारा 28 जनवरी की सुबह से 29 जनवरी की सुबह तक नो एंट्री के दौरान शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले कुल 12 भारी वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 60 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और निर्धारित समय व मार्गों का ही उपयोग करें। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा मिल सके।

## फर्जी इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी का भंडाफोड़, विजयनगर पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** निवेश में अधिक मुनाफा दिलाने के नाम पर लोगों से रुपये इन्वेस्ट करवाकर धोखाधड़ी करने वाली फर्जी एडवाइजरी कंपनी पर थाना विजयनगर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से कंपनी में कार्यरत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गिरोह के 3 मुख्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार शहर में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी एवं ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री अमित कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर श्री पराग सैनी के नेतृत्व में थाना प्रभारी विजयनगर श्री चन्द्रकांत पटेल द्वारा विशेष टीम गठित की गई। दिनांक 27 जनवरी 2026 को थाना विजयनगर क्षेत्र स्थित ग्रेविटी मॉल के थर्ड फ्लोर पर संचालित इनविजन इन्फोटेक नामक कंपनी के कार्यालय पर सर्च वारंट के आधार पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कार्यालय में कुल 6 लोग कार्यरत पाए गए, जिनकी पहचान कपिल उपाध्याय, विक्की जैन, शंकर दयाल पटेल, सुलतान यादव, सुरेन्द्र बैण्डवाल एवं हरनीत सिंह के रूप में हुई। हिकमतअमली से की गई पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे एल्गो सॉफ्टवेयर के माध्यम से निवेशकों को अधिक मुनाफा दिखाकर अलग-अलग खातों में उनसे पैसे डलवाते थे और बाद में उनके साथ धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने इस मामले में थाना विजयनगर में अपराध क्रमांक 86/2026 धारा 318(4), 316(5) एवं 3(5) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल एवं आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में ट्रैफिक गेटमैन एवं पॉइंट्समैन के पदों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती को लेकर पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल एवं आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के मध्य 29 जनवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता रेल परिचालन की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस एमओयू के अंतर्गत रतलाम मंडल के विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों को ट्रैफिक पॉइंट्समैन के रूप में तैनात किया जाएगा। इस योजना के तहत लगभग 100 ट्रैफिक पॉइंट्समैन के नियोजन का प्रस्ताव है। यह पहल मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्वनी कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में साकार हो सकी है। इस समझौते के साथ रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे का पहला मंडल बन गया है, जिसने इस प्रकार का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। भारतीय रेलवे में पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में तैनात करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम माना जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल रेल परिचालन की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पूर्व सैनिकों को भी सम्मानजनक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। समझौता ज्ञापन पर रतलाम मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री आलोक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अविनाश कुमार ने, जबकि आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से कर्नल (सेवानिवृत्त) श्री मुकेश कुमार तिवारी ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत चयनित पूर्व सैनिकों की भौतिक तैनाती आगामी 15 दिनों के भीतर प्रारंभ की जाएगी। यह समझौता दोनों संस्थाओं के बीच दीर्घकालिक एवं फलदायी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे रेल परिचालन की सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

### एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के पुराने एबी रोड के एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर आज नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में उपस्थित सभी जनों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में बताया गया कि अगली बैठक 7 फरवरी को आयोजित की जायेगी।

# महापौर ने यातायात एवं उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में दिए शहर को सुव्यवस्थित और अतिक्रमणमुक्त बनाने के निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, हरित क्षेत्र बढ़ाने और सौंदर्यीकरण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने आज निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभाकक्ष में यातायात विभाग एवं उद्यान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस. कुशवाह, श्री शांतिलाल यादव सहित दोनों विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महापौर श्री भार्गव ने दोनों विभागों की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा करते हुए शहर को सुव्यवस्थित, सुंदर और अतिक्रमणमुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के चिन्हित प्रमुख मार्गों के फुटपाथों को अतिक्रमणमुक्त कर उन्हें ÷आदर्श मार्ग÷ के रूप में विकसित किया जाए। इसके अंतर्गत एयरपोर्ट से बड़ा गणपति, बड़ा गणपति से एमजी रोड होते हुए पलासिया तक तथा बंगाली चौराहा से तिलक नगर चौराहा तक के मार्गों पर यातायात विभाग और रिमूव्हल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने शहर के चौराहों, सड़कों, पुलों एवं उद्यानों के नामकरण के पश्चात सूचना बोर्ड शीघ्र लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन संस्थाओं को मीडियन, डिवाइडर, रोटरी एवं उद्यान गोद दिए गए हैं, उनके साथ आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। बिना अनुमति लगाए गए बोर्डों और होर्डिंग्स पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मधु मिलन चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए तैयार किए गए प्लान की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त शहर के पुल-पुलियों के नीचे स्थित बोगदों में खेलकूद गतिविधियों, बैठक स्थलों एवं अन्य जनोपयोगी विकास कार्यों के लिए एक समग्र पॉलिसी एवं प्लान तैयार करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

यातायात विभाग की समीक्षा के दौरान चौराहों और सड़कों के नामकरण, चौराहों पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य, पुल-पुलियों के नीचे बोगदों का वर्तमान उपयोग, डिवाइडरों की पेंटिंग, प्रमुख मार्गों पर जेंट्री गेट एवं संकेतक बोर्डों की स्थिति, अवैध पार्किंग की समस्या तथा प्रस्तावित व प्रगतिरत सिविल कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। वहीं उद्यान विभाग की समीक्षा में निर्माणाधीन यूरेशिया गार्डन, सिटी फॉरेस्ट की प्रगति, निगम की नर्सरियों की क्षमता, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल डिवाइडर, योग शेड एवं ओपन जिम की वार्डवार स्थिति पर चर्चा की गई।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और इंदौर शहर की स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित पहचान और अधिक सशक्त हो सके।

# आयुक्त ने भागीरथपुरा क्षेत्र का प्रातः कालीन निरीक्षण कर नर्मदा एवं ड्रेनेज कार्यों की समीक्षा की




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रातः 6ः30 बजे से भागीरथपुरा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री श्री अश्विन जनवदे, श्री लक्ष्मीकांत वाजपेई, झोनल अधिकारी श्री आनंद रैदास सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने भागीरथपुरा क्षेत्र अंतर्गत तारा मेडिकल, नई बस्ती, एम.आर. 4 रोड एवं मंदिर क्षेत्र के आसपास नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नर्मदा जल प्रदाय लाइन एवं ड्रेनेज लाइन निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में तेजी एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रीय नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

आयुक्त श्री सिंघल ने निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यस्थलों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाएं, जिससे आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्रीय रहवासियों से संवाद कर पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने वॉटर टैंकर के माध्यम से की जा रही जल आपूर्ति व्यवस्था पर भी फीडबैक प्राप्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक स्थायी जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह सुचारु नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में टैंकरों के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जाए।

इसके पश्चात आयुक्त श्री सिंघल ने जोन क्रमांक-4, संगम नगर जोनल कार्यालय के समीप विगत दिवस हटाई गई पेयजल टंकी के स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तोड़ी गई टंकी के मलबे को शीघ्र हटाकर आवश्यक आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा बनी रहे।

## क्राइम ब्रांच इंदौर की बड़ी कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ मामले में एक और फरार आरोपी मोहसिन गिरफ्तार




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध इंदौर पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा दिनांक 7 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार आरोपी समीर हुसैन से पूछताछ एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मामले में फरार चल रहे आरोपी मोहसिन हुसैन, निवासी चंदन नगर इंदौर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अन्य जिलों से अवैध मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध कराता था। प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी दानिश के कब्जे से लगभग 11.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया गया था, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है।

पूछताछ के दौरान इस मामले में आरोपी मोहसिन हुसैन की भूमिका सामने आई, जो घटना दिनांक से फरार था। क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पुलिस थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 225/25 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध अपराध में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी मोहसिन हुसैन फर्नीचर रिपेयरिंग का कार्य करता है तथा दसवीं तक शिक्षित है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट एवं मारपीट जैसे अपराधों में पांच बार गिरफ्तार हो चुका है।

इंदौर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई जारी है, ताकि शहर को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## लसुडिया में 93 लाख की बैंक धोखाधड़ी का पर्दाफाश, कूटरचित दस्तावेजों से फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना लसुडिया क्षेत्र अंतर्गत चिकित्सक नगर में भूखण्ड के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे स्वयं के नाम पर रजिस्ट्री कराकर करीब 93 लाख रुपये का बैंक लोन लेने वाले शातिर जालसाजों को लसुडिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रईस शेख एवं मोहम्मद जुनैद को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उनका पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है।

प्रकरण में एस.एम.एफ.जी. इंडिया क्रेडिट लिमिटेड कंपनी के कलेक्शन मैनेजर प्रतीक दुबे द्वारा थाना लसुडिया में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर चिकित्सक नगर स्थित भूखण्ड क्रमांक 148, क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट, जो कि डॉ. राजरानी खरे के नाम पर पंजीकृत था, उसके कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के माध्यम से स्वयं के नाम पर उक्त भूखण्ड की फर्जी रजिस्ट्री कराई और उसे बैंक में बंधक रखकर करीब 93 लाख रुपये का ऋृण प्राप्त कर लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि उक्त भूखण्ड को लेकर पूर्व में भी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री किए जाने के संबंध में थाना लसुडिया में एफआईआर पंजीबद्ध की जा चुकी है। आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाता खुलवाकर, जालसाजी व षड्यंत्रपूर्वक बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उनके मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर श्री पराग सैनी के निर्देशन में थाना प्रभारी लसुडिया श्री तारेश कुमार सोनी द्वारा विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने अनुसंधान के दौरान आरोपियों शेख रईस उम्र 54 वर्ष एवं मोहम्मद जुनैद उम्र 24 वर्ष, दोनों निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी धार रोड इंदौर हाल निवासी नेमावर मेन रोड खुडैल इंदौर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 131/2026 धारा 409, 420, 467, 468, 471 एवं 120-बी भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# वार्ड 49 में आयोजित संकल्प से समाधान शिविर में महापौर एवं विधायक ने नागरिकों से किया सीधा संवाद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में झोन क्रमांक 10 के वार्ड क्रमांक 49, महावीर नगर स्थित पानी की टंकी परिसर में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्रीय विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया ने सहभागिता की।

शिविर के दौरान महापौर एवं विधायक द्वारा उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद श्री राजेश उदावत, झोनल अधिकारी श्री मोहित मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना एवं घरेलू कामकाजी महिला योजना के पात्र हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से लाभ वितरित किया गया, जिससे लाभार्थियों में उत्साह एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला।

महापौर श्री भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों के अनुरूप समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही संकल्प से समाधान अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की 100 से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को एक ही स्थान पर सरल प्रक्रिया के साथ प्रदान किया जा रहा है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम से जुड़े राजस्व प्रविष्टियों में सुधार, जलकर एवं संपत्ति कर से संबंधित समस्याएं, तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ जैसी जनता से सीधे जुड़ी समस्याओं का समाधान इन शिविरों के माध्यम से पारदर्शिता एवं सुगमता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।

## मेरा टिकट, मेरी शान - विकसित भारत के लिए मेरा योगदान' अभियान का शुभारंभ, मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों को किया जागरूक



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेल यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देने एवं उन्हें अपने दायित्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा मेरा टिकट, मेरी शान - विकसित भारत के लिए मेरा योगदान यात्री जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान वाणिज्य विभाग के माध्यम से 29 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्वनी कुमार द्वारा इंदौर रेलवे स्टेशन पर किया गया।

## हेलमेट जागरूकता के साथ सख्ती, इंदौर पुलिस की सड़क सुरक्षा मुहिम में 2384 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में इंदौर यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर गंभीर चोटों से होने वाली मौतों को रोकने तथा नागरिकों को हेलमेट के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ-साथ बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा पलासिया, विजयनगर, मह‍ूनाका, चाणक्यपुरी और राजीव गांधी सर्कल सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर एक ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई, वहीं दूसरी ओर अनाउंसमेंट के माध्यम से यह भी बताया गया कि यह कार्रवाई आमजन की सुरक्षा के लिए की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात रथ की डिजिटल स्क्रीन पर सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित किए गए तथा जागरूकता रैलियों और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा का संदेश आम नागरिकों तक पहुंचाया गया। दिनांक 28 जनवरी को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 2384 दोपहिया वाहन चालकों सहित कुल 2690 वाहन चालकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में चालानी कार्रवाई की गई।

# शॉटगन निशानेबाजी में मनित्वसिंह ने बनाया कीर्तिमान, राष्ट्रीय पटल पर जीते दो स्वर्ण सहित चार पदक



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिभा जब कड़े अनुशासन और आधुनिक प्रशिक्षण से मिलती है, तो सफलता के नए प्रतिमान स्थापित होते हैं। मंदसौर के नियुद्ध गुरुकुल के संस्कारित खिलाड़ी मनित्व सिंह रावत ने इसे सच कर दिखाया है। भोपाल की अत्याधुनिक मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग एकेडमी का प्रतिनिधित्व करते हुए मनित्वसिंह ने अपनी अचूक निशानेबाजी से राष्ट्रीय पटल पर अंचल का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश शूटिंग एकेडमी में शॉटगन खेल का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मनित्व ने 'दिग्विजय सिंह मेमोरियल शॉटगन चौंपियनशिप' में पदकों का चौका लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मनित्वसिंह ने इंडिविजुअल यूथ कैटेगरी (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) एवं जूनियर पुरुष ट्रैप टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीते। वहीं इंडिविजुअल जूनियर कैटेगरी में रजत तथा सीनियर ट्रैप टीम इवेंट में कांस्य पदक हांसिल किया।

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता साल की सबसे महत्वपूर्ण स्पर्धाओं में से एक थी। इसकी गरिमा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें केवल उन नेशनल क्वालीफायर खिलाड़ियों को ही प्रवेश दिया गया था, जिन्होंने अंतर्राष्टीय ट्रायल्स में अपनी जगह बनाई थी। इस कड़े मुकाबले में मनित्वसिंह ने कुल 4 पदक जीतकर अपनी एकाग्रता सिद्ध की। मनित्वसिंह की इस अभूतपूर्व सफलता पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, तथा जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने हर्ष व्यक्त किया है। मनित्वसिंह के पिता विकास सिंह रावत और माता संगीता सिंह रावत ने इस गौरवशाली क्षण को मनित्वसिंह के कठिन परिश्रम और गुरुओं के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया।

नियुद्ध गुरुकुल के प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, अजय सिंह चौहान सहित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा मनित्वसिंह की यह जीत उनके निरंतर अभ्यास और नियुद्ध गुरुकुल से मिले मानसिक सुदृढ़ता के संस्कारों का परिणाम है। एसोसिएशन और एकेडमी ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में अपना बनाने हेतु प्रेरित किया है।

# प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था पर आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें- श्री चंद्रा

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। प्रत्येक गर्भवती महिला के सुरक्षित प्रसव की आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहे। उच्च जोखिमपूर्ण महिलाओं को अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिला स्वास्थ्य समिति की गुरूवार को आयोजित बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपस्थित शासकीय चिकित्सकों को दिए।

बैठक में श्री चंद्रा ने निर्देशित किया, कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रत्येक हितग्राही को उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए महिलाओं का गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होने कहा, कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उच्च जोखिम के लक्षणों के आधार पर महिलाओं का चिंहाकन कर, उनको आवश्यकतानुसार आयरन सुक्रोज इजेंक्शन एफसीएम इन्जेक्शन तथा ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उक्त उक्तचाप महिला का चिंहाकन कर उसका प्रबंधन भी करे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, डीएचओ डॉ. बी.एल.सिसोदिया, डीपीओ सुश्री अंकिता पंड्या उपस्थित थी।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने स्वास्थ्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सेक्टरवार समीक्षा की। तथा विगत बैठक के पश्चात कार्य में सुधार लाने वाले मेडिकल आफिसर की सराहना की गई तथा निम्न प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों, सीएचओ को कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह में दो बार अति उच्च जोखिम गर्भवती महिलओं का सीएचसी एवं सिविल हास्पीटल पर परीक्षण आवश्यक रूप से करें। इस कार्य में जो भी लापरवाही करने वाले शासकीय सेवकों/ चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय ग्राम विकास पखवाड़ा का आयोजन

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गंजबासौदा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम विकास की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज की सक्रिय सहभागिता से आत्मनिर्भर ग्राम की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय सहमंत्री एवं विश्व हिंदू परिषद के श्री राजेश तिवारी उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्त,जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता रितुज एलिया, रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला संयोजक एबीवीपी श्री शुभेन्द्र सिंह राजपूत व, शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व प्राचार्य डॉ. मनिमोहन मेहता एवं व्याख्याता डॉ विजय शाक्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के श्री देवेंद्र साहू, आवरण समिति से श्री अमित शर्मा, अन्नपूर्णा समिति से श्री आकाश दुबे एवं श्री धन सिंह कुशवाहा, माँ शीतला ह्यूमन डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के प्रतिनिधि, परामर्शदाता जगदीश साहू, ऋतु दांगी, गोपाल मिश्रा, सीमा शर्मा सहित विभिन्न ग्राम विकास समितियों के सदस्य, एमएसडब्ल्यू बीएसडबल्यू के छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया।

# गनछेड़ अपाक्स संगठन के प्रांतीय संयुक्त सचिव व जोगचन्द मंदसौर जिलाध्यक्ष नियुक्त



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश अपाक्स संगठन के प्रांतीय संरक्षक भुवनेश कुमार पटेल व प्रांतीय अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव ने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष केसी सूर्यवंशी की अनुशंसा पर अपाक्स संगठन के प्रांतीय संयुक्त सचिव पद पर चेतन दास गनछेड़ एवम् घांसीलाल जोगचन्द वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक शासकीय उमावि खड़ावदा जिला मंदसौर को मंदसौर जिले के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। दोनों की नियुक्ति पर अपाक्स संगठन से जुड़े सभी कर्मचारियों में डॉ राजेश सकवार, डॉ शांतिलाल ईरवार, इंदरमल जाटव , गणेश राम आर्य, गिरवरलाल माली, देवेन्द्र वर्मा, रघुवीर मालवीय, अजहर खान, गोपाल वीर, गोपाल सुनार्थी, डॉ सत्यनारायण पाटीदार, पवन दलोर, नाथूलाल भारती, सुरेश बोराना, शहज़ाद खान, अनिल दाहिमा, अर्जुन कोड़ावत, फरजान अंसारी, जगदीश खींची, जितेन्द्र सांवरिया, जीवराज डांगी, लक्ष्मी नारायण पाटीदार, आशाराम पंवार, पंकज बामनिया, माणकलाल जाट, जगदीश कोड़ावत, भारत चौहान, वजेराम बामनिया,तुलसीदास बैरागी, जगदीश परमार, राजेश कुमार आर्य, अशोक चनाल, उदेराम परमार, रघुनंदन बैरागी, राजेश बंडवाल , विपिन चरेड , रामप्रसाद ररवडिया आदि में हर्ष व्याप्त है। इस नियुक्ति से कर्मचारियों की समस्याओं का निदान होगा तथा विगत समय से विभागीय परामर्शदात्री की बैठके आयोजित नहीं हुई है, आशा है कि नवनियुक्त पदाधिकारी विभाग प्रमुख से संपर्क कर बैठकें आयोजित कराने का प्रयास करेंगे। यह जानकारी जिला सचिव गणेश राम आर्य ने दी।

# मुख्यमंत्री ने पशुपतिनाथ लोक का किया लोकार्पण

## चार प्रवेश द्वार व 22 फीट ऊंचा त्रिनेत्र रुद्राकनी बना आकर्षण का केंद्र



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ लोक का विधिवत लोकार्पण किया। यह लोक प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री सर्वप्रथम भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में लगी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें मंदिर की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति को दर्शाया गया है।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पालकी में रजत प्रतिमा के रूप में विराजित भगवान पशुपतिनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने स्वयं ई-कार्ट में बैठकर पशुपतिनाथ लोक का भ्रमण किया और इसकी भव्यता का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 22 फीट ऊंचे त्रिनेत्र रुद्राकनी का अनावरण किया गया, जिसके मध्य में स्थापित रुद्राक्ष भगवान शिव के त्रिनेत्र स्वरूप का दिव्य आभास कराता है। एमपी थियेटर परिसर स्थित यज्ञशाला में मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति प्रदान की। लोकार्पण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर से कांग्रेस विधायक विपिन जैन, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में एडिशनल कमिश्नर, पर्यटन सचिव दिलीप कुमार यादव, कलेक्टर अदिती गर्ग एवं पुलिस कप्तान विनोद कुमार मीणा सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# आरोपी पर दबिश की तैयारी, पत्रकार को धमकी देने वाला फरार आरोपी सुनील शर्मा अब पुलिस के रडार पर, SP ने कहा- किसी को बख्शेंगे नहीं



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में अपराधियों और रसूखदारों की गुंडागर्दी के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मनासा के बहुचर्चित धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे आरोपी सुनील शर्मा द्वारा एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने का मामला अब गरमा गया है। जिला युवा प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष राकेश मालवीय की शिकायत पर पुलिस कप्तान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक्शन के निर्देश दिए हैं।

खबर से बौखलाया आरोपी, पत्रकार को दी देख लेने की धमकी - मामला 28 जनवरी को प्रकाशित एक खबर से जुड़ा है, जिसमें मनासा थाने में दर्ज जालसाजी (धारा 420, 467, 120-बी) के आरोपियों का पर्दाफाश किया गया था। इस खबर से मुख्य आरोपी सुनील शर्मा और उसके साथी इस कदर बौखला गए कि उन्होंने पत्रकार राकेश मालवीय को फोन पर धमकाना शुरू कर दिया। बुधवार को आशीष शर्मा नामक व्यक्ति ने सुनील शर्मा का हवाला देते हुए पत्रकार पर समझौते का दबाव बनाया और इनकार करने पर झूठे केस में फंसाने व गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

SP का सख्त एक्शन÷ थाना प्रभारी को दिए तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश- पत्रकार राकेश मालवीय ने जब इस पूरे घटनाक्रम और कॉल रिकॉर्डिंग के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की, तो प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। एसपी ने इस मामले को प्रेस की आजादी पर हमला मानते हुए तत्काल मनासा थाना प्रभारी को फोन कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और फरार सुनील शर्मा की लोकेशन ट्रेस कर उसे जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस ने पत्रकार को आश्वस्त किया है कि जिले में किसी भी अपराधी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस अब उन मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल्स खंगाल रही है, जिनसे धमकियां दी गई थीं।

जालसाज सुनील शर्मा की अब खैर नहीं-पुलिस रिकॉर्ड में लंबे समय से फरार चल रहा सुनील शर्मा अब पुलिस के दोहरे घेरे में है। एक तरफ उस पर धोखाधड़ी का पुराना मामला है, तो दूसरी तरफ पत्रकार को धमकाकर उसने खुद के लिए नई मुसीबत खड़ी कर ली है। एसपी के कड़े निर्देश के बाद पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। माना जा रहा है कि सुनील शर्मा और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद जिले के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

## मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से सीतामऊ साहित्य महोत्सव का किया शुभारंभ




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 जनवरी तक सीतामऊ में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीतामऊ साहित्य महोत्सव सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व है, जिसमें सभी का हार्दिक स्वागत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नटनागर शोध संस्थान की स्थापना वर्ष 1974 में सीतामऊ के महाराज कुमार रघुवीर सिंह द्वारा की गई थी। आज यह संस्थान शोधार्थियों के लिए तीर्थस्थल के रूप में जाना जाता है। लगभग 30 हजार दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रह के कारण यह एशिया की प्रमुख लाइब्रेरी के रूप में विख्यात है। यहां भारत सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोधार्थी विभिन्न विषयों पर पीएचडी एवं शोध कार्य करते हैं। नटनागर शोध संस्थान भारतीय इतिहास, साहित्य एवं संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का आयोजन सीतामऊ स्थित नटनागर शोध संस्थान परिसर में किया जा रहा है। देशभर से साहित्यकार, विद्वान, वक्ता, कलाकार एवं इतिहासकार महोत्सव में सहभागिता कर रहे हैं। इस महोत्सव को ÷नॉलेज कुंभ÷ के रूप में विकसित किया गया है।

## बाल विवाह की सूचना पर की गई कार्यवाही - दो नाबालिक बहनों की शादी रुकवाई गई - जिला नीमच



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि सुश्री अंकिता पंड्या के मार्गदर्शन में एसडीएम संजीव साहू के पर्यवेक्षण में परियोजना अधिकारी नीमच ग्रामीण इरफान अंसारी के नेतृत्व में संयुक्त दल द्वारा 02 बहनों का बाल विवाह रुकवाया गया। दिनांक 28 जनवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 29 जनवरी 2026 को ग्राम जवासा में 02 बहनों का विवाह होने वाला है जिसमें एक बारात राजस्थान से और दूसरी बारात मोरका विकासखंड जावद से आना है। दोनों ही लड़कियां 16 व 17 वर्ष की है और राजस्थान की निवासी है परंतु विवाह हेतु अपने मामा के घर जवासा में परिवार के साथ आई है । संयुक्त दल में उप निरीक्षक मदनलाल सिंघाड़, राजस्व निरीक्षक अक्षय शर्मा, पंचायत समन्वय अधिकारी एन.के. कुमार शर्मा, पर्यवेक्षक श्रीमती इंदु सोनी, श्रीमती पिंकी भाटिया, पटवारी मनोज चौहान, स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर सुरेश कारपेंटर, एमपीडब्ल्यू विनोद तिवारी, पंचायत सचिव मेघवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नागकन्या सेन, आशा कार्यकर्ता संगीता मालवीय सम्मिलित रहे।संयुक्त दल द्वारा मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है।

# जिले में सेम एवं मेम श्रेणी के शतप्रतिशत बच्चों का 15 फरवरी तक पंजीयन सुनिश्चित करें- श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में जिला कार्यकम अधिकारी म.बा.वि. नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया, कि मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम तहत सभी सैम व मैम श्रेणी के बच्चों का पंजीयन आगामी 15 फरवरी तक पूर्ण करें, एक भी बच्चा पंजीयन से शेष न रहे। बच्चों के नियमित फॉलोअप व श्रेणी सुधार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गये। कलेक्टर श्री चंद्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीयन से शेष बच्चों का चिन्हांकन यथाशीघ्र करवा कर पोषण ट्रैकर एप पर दर्ज करने और सभी प्ले स्कूलों में दर्ज बच्चों का भी पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होने 21 दिवस से अधिक शालापूर्व अनौपचारिक शिक्षा नियमित रूप प्रदान करने, प्रतिमाह जारी की जा रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की रैंकिंग में डी एवं ई केटेगरी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्य में सुधार हेतु चेतावनी पत्र जारी करने और कार्य में सुधार न हो तो सेवा समाप्ति की कार्यवाही एसडीएम के माध्यम से करवाने के निर्देश भी दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने पोषण आहार वितरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर सेक्टर जावद 02,जावद 01 व अठाना के पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी बच्चों की नामवार सूची संधारित करने के निर्देश सेक्टर पर्यवेक्षक को दिए। कुपोषित बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित करवाने और बच्चों को पोषण आहार नियमित रूप से वितरित करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से कुपोषित बच्चों के परिवार में नियमित गृह भेंट करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में शेष आभा आईडी व अपार आईडी का कार्य 15 फरवरी का कार्य पूर्ण करने और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के द्वितीय प्रसव के लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति लाने के लिए परियोजना अधिकारी नीमच ग्रामीण व जावद को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, जिला परियोजना सहायक श्री दिलीप व्यास,जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस. मांगरिया,सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी, सभी परियोजना अधिकारी जिला परियोजना सहायक श्री महेश कुमार,पर्यवेक्षक,ब्लॉक समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## पटवारी प्रकाश शुक्ला का नीमच में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए हुए सम्मानित



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस का नीमच में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह के दौरान राजस्व विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिये झांतला अल्का के पटवारी प्रकाश शुक्ला का जिला कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, सांसद सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओपी सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अवरुद्ध मारू व जिला प्रमुख सज्जन सिंह चौहान की उपस्थिति में उन्हें मेडल एवं प्रसशनिय पत्र भेट कर श्री शुक्ला को सम्मानित किया बतादे की सिंगोली तहसील के ग्राम झांतला एवं रतनगढ़ ठप्पा के ग्राम बोरदिया में पदस्थ पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक प्रकाश शुक्ला द्वारा किसानों की बेहतरीन सेवाए व लंबित शिकायतों का त्वरित निदान व किसानों की कई समस्याओं को समझाइश देकर उनका तुरन्त समाधान करने वाले अब के पहले पटवारी प्रकाश शुक्ला का नाम है । पटवारी श्री शुक्ला के सम्मान को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है ।

# सिंगोली में रॉयल ग्रामीण विकास समिति महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के तहत महाराणा प्रताप की मूर्ति का हुआ अनावरण



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के अंतर्गत रॉयल ग्रामीण विकास समिति द्वारा पूरे देश में महाराणा प्रताप की 500 प्रतिमाएं लगाई जा रही हैं, इसी के तहत मंगलवार को जिले के सिंगोली कस्बे में मंगलवार को 30 वी प्रतिमा का अनावरण हुआ। इससे पहले 29 प्रतिमाएं महाराष्ट्, गुजरात,राजस्थान,मध्यप्रदेश ,बिहार,कश्मीर के अलग अलग क्षैत्रो मे अनावरण हो चुके है।

प्रतिमा अनावरण के लिए समारोह मे मुख्य अतिथि क्षैत्रिय विधायक ओमप्रकाश सकलेचा,महंत रामप्रिय दास,अनावरण कर्ता महाराणा प्रताप ससुराल बिजौलिया राजपरिवार के वंशज कुँवरानी सा हर्षेन्द्रा कुमारी , राणापुंजा राजपरिवार के वंशज कुँवरानी सा कृष्णा कुमारी पानरवा,महाराणा प्रताप स्मारक अभियान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नमाणा, सतवीर सिंह भाटी महाराणा प्रताप स्मारक कमैटी मेवाड़ अध्यक्ष,महाराणा प्रताप समाधी स्थल अध्यक्ष भगवती प्रसाद आमेटा, राष्ट्रीय प्रबंधन कमेटी के सदस्य भानुप्रताप सिंह नाहरगढ़,पर्वत सिंह राजपुरोहित,मंथन पंचोली,करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर,श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन,उपाध्यक्ष,मोतीलाल धाकड़,सीएमओ खेमचंद मुसले के कर कमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर मंच पर भाजपा जिला मंत्री अशोक सोनी विक्रम, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी,मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत मलिक,नगर अध्यक्ष लोकेश पटवा उपस्थिति थे स्थानीय नगर परिषद,राजपुत समाज व क्षैत्रिय ठिकानो के राजपूत समाजजन एवं सर्व समाज के लोगों के सहयोग से यह आयोजन किया गया।

अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नमाणा ने बताया कि महाराणा प्रताप स्मारक अभियान के अंतर्गत रॉयल ग्रामीण विकास समिति द्वारा पूरे भारतवर्ष में महाराणा प्रताप की 500 प्रतिमाएं लगाई जाएगी। संस्था का लक्ष्य है कि हर लोकसभा क्षेत्र में महाराणा प्रताप की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए समिति ने हर राज्य व जिले में जहां प्रतिमा स्थापना कि जाना है वहाँ एनओसी लेने की प्रक्रिया जारी है।

मंच पर उपस्थिति अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर बारी बारी से प्रकाश डाल उनकी वीरता राष्ट भक्ति का उल्लेख किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन राजेन्द्र जोशी द्वारा किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पुराने पासपोर्ट जिसका नं. (M 3952074) उसमें मेरा नाम POORNIMA VAIDYA बदल कर PURNIMA VAIDYA कर लिया है । और मेरे आधार कार्ड , पेन कार्ड व बैंक पासबुक मेरा यही नाम है । अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाता है और मेरे सभी दस्तावेज में मेरा यही नाम है ।

PURNIMA VAIDYA

# सम्पादकीय

## बसंती बयार : जीवन को नव अर्थ देने वाली दिशा है

बसंत ऋतु भारतीय प्रकृति की सबसे मनोहारी और आनंददायक ऋतु मानी जाती है। शीत ऋतु की ठिठुरन और ग्रीष्म की तपन के बीच जब हल्की-हल्की सुहानी हवा बहती है, तो उसे ही बसंती बयार कहा जाता है। यह बयार न केवल वातावरण को मधुर बनाती है, बल्कि मनुष्य के मन में भी नई ऊर्जा, उत्साह और उल्लास भर देती है।

बसंती बयार के आते ही प्रकृति का रूप मानो निखर उठता है। पेड़ों पर नई कोपलें फूट पड़ती हैं, खेतों में सरसों के पीले फूल लहराने लगते हैं और आम के पेड़ों पर मंजरियों की खुशबू चारों ओर फैल जाती है। आकाश स्वच्छ और नीला दिखाई देता है, पक्षियों की चहचहाहट वातावरण को संगीतमय बना देती है। यह बयार प्रकृति के हर कण में नवजीवन का संचार करती है।

बसंती बयार का प्रभाव केवल प्रकृति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मानव जीवन पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। इस समय लोगों के मन में प्रसन्नता और स्फूर्ति बढ़ जाती है। किसान अपनी फसलों को देखकर संतोष का अनुभव करते हैं। विद्यार्थी और युवा वर्ग में नई आशाओं का संचार होता है। मन में कुछ नया करने की प्रेरणा जागृत होती है।

भारतीय संस्कृति में बसंत ऋतु का विशेष महत्व है। इस ऋतु में वसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है, जो ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। पीले वस्त्र, पीले पुष्प और मधुर संगीत बसंती बयार के उल्लास को और भी बढ़ा देते हैं। कवियों और कलाकारों के लिए यह ऋतु सृजन की प्रेरणा रही है। अनेक कविताएँ, गीत और चित्र बसंती बयार की सुंदरता का वर्णन करते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो बसंती बयार जीवन में आशा, नवीनता और आनंद का प्रतीक है। यह हमें निराशा और आलस्य से बाहर निकालकर उल्लास और सृजनशीलता की ओर ले जाती है। प्रकृति और मानव जीवन के बीच सामंजस्य को दर्शाती बसंती बयार सचमुच जीवन को मधुर बना देती है।

बसंती बयार केवल मौसम का परिवर्तन नहीं है, यह जीवन के ठहरे हुए पन्नों पर चलने वाली वह हवा है जो शब्दों में रंग, मन में उमंग और आत्मा में आशा भर देती है। शीत ऋतु की लंबी उदासी के बाद जब धरती के कंधों पर हल्की गर्माहट उतरती है, तब बसंत अपने कोमल चरणों से जीवन के द्वार पर दस्तक देता है।

पेड़ों की सूखी डालियाँ, जो कल तक मौन खड़ी थीं, आज नव पल्लवों से सज जाती हैं। यह परिवर्तन किसी जादू से कम नहीं लगता–पर वास्तव में यह प्रकृति का वह शाश्वत संदेश है जो हमें सिखाता है कि हर ठहराव के बाद गति निश्चित है।

एक गाँव में वर्षों से एक पुराना वृक्ष खड़ा था। लोग कहते थे–यह अब जीवित नहीं रहा। बच्चे उसकी छाया में खेलना छोड़ चुके थे, पक्षी भी उस पर बसेरा नहीं करते थे।

पर जैसे ही बसंती बयार चली, उसी वृक्ष की एक डाल पर कोमल कली फूट पड़ी। कुछ ही दिनों में वह हरा-भरा हो गया।

यह दृश्य देखकर गाँव के बुज़ुर्ग ने कहा- जो बाहर से सूखा दिखता है, वह भीतर से मरा हो–यह ज़रूरी नहीं। बस सही समय और सही हवा चाहिए।

यही संदेश बसंती बयार मानव जीवन को भी देती है।

मनुष्य का जीवन भी ऋतुओं की तरह है। कभी शीत–जहाँ निराशा जम जाती है, कभी ग्रीष्म–जहाँ संघर्ष की तपन झुलसा देती है। लेकिन जब बसंत आता है, तो वही मन जो थक चुका था, फिर से सपने बुनने लगता है।

कवि की कलम, किसान का खेत, विद्यार्थी की आशाएँ–सब बसंती बयार के स्पर्श से जीवंत हो उठते हैं।

रवि नाम का एक छात्र बार-बार असफल हो चुका था। उसने पढ़ाई छोड़ने का मन बना लिया। उसे लगता था–अब मुझसे कुछ नहीं होगा।

एक दिन वह उदास मन से सरसों के खेतों के बीच से गुज़रा। पीले फूल हवा में झूम रहे थे, मानो कह रहे हों–हम भी बीज थे, मिट्टी में दबे थे।

उसी दिन रवि ने फिर से प्रयास करने का निर्णय लिया। कुछ समय बाद वही छात्र सफल हुआ।

उसने स्वीकार किया- बसंती बयार ने नहीं, उस बयार के संदेश ने मुझे बदला। बसंत केवल व्यक्तिगत परिवर्तन का नहीं, सामूहिक उल्लास का भी प्रतीक है। होली के रंग, पीले वस्त्र, मधुर गीत–सब मिलकर जीवन के उत्सव को पूर्ण करते हैं। यह ऋतु सिखाती है कि जीवन केवल संघर्ष नहीं, उत्सव भी है।

एक समय एक गाँव आपसी वैमनस्य में डूबा था। लोग एक-दूसरे से बात तक नहीं करते थे। बसंत आया और होली का दिन भी। बच्चों ने रंगों से खेलना शुरू किया। धीरे-धीरे बड़े भी हँसी में शामिल हो गए।

रंगों ने दीवारें नहीं, दूरी पिघलाई।

उस दिन गाँव ने जाना- जब मन बसंती हो जाए, तो संबंध फिर से खिल सकते हैं।

बसंती बयार का शाश्वत संदेश- बसंती बयार हमें सिखाती है–निराशा स्थायी नहीं होती हर अंत के बाद नव आरंभ होता है जीवन को फिर से जीने का साहस भीतर ही होता है यह हवा कानों में नहीं, आत्मा में बहती है। बसंती बयार एक ऋतु नहीं, एक दृष्टि है–जो जीवन को आशा की आँखों से देखना सिखाती है।

## सहजयोग आत्मोन्नति का एक सर्वसुलभ अल्प श्रमसाध्य योग है



योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना या मिलना। कालांतर में अनेक प्रसिद्ध व अप्रसिद्ध योगों का प्रादुर्भाव हुआ, परंतु मनुष्य योग क्यों और किससे करना चाहता है? यह एक यक्ष प्रश्न है। वास्तव में भौतिक संसार अपूर्ण है, विज्ञान की दृष्टि से देखें तो प्रत्येक अणु परमाणु स्थायित्व को प्राप्त करने के लिए अपने इलेक्ट्रॉन्स का आदान-प्रदान कर किसी दूसरे तत्व से योग द्वारा पूर्ण होना चाहता है। मानव भी पांच तत्वों से निर्मित है अपूर्ण है, पूर्ण होना चाहता है।

किसी भी स्थान पर पहुंचने के अनेक मार्ग हो सकते हैं। इसी प्रकार आत्मविस्तार, आत्मज्ञान या आत्मसाक्षात्कार के भी विभिन्न मार्ग हो सकते हैं। सभी का उद्देश्य एक ही होता है - आत्म तत्व को जानना, आत्मा का परमात्मा से योग, असत्य से सत्य की ओर या अंधकार से प्रकाश की ओर गमन। अधिकांश मार्ग संसार से वैराग्य की ओर ले जाते हैं, संसार को भोगते हुए बैरागी होना नहीं सिखाते। यह कला केवल भारतीय गृहस्थ आश्रम में संभव है। भारतीय संस्कृति पर आधारित गृहस्थ धर्म का विवेकपूर्ण पालन ही सहज योग है। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रदत्त सहज योग आत्मोन्नति का एक सर्वसुलभ अल्प श्रमसाध्य योग है। सहजयोग में साधना का आरंभ उस स्थान से होता है जहां तक पहुंचने के लिए साधकों को कई वर्षों के कठिन तप या कभी-कभी कई जन्मों के कठिन तप से गुजरना पड़ता है। यह दूरी श्री माताजी के समक्ष क्षण भर में पूरी हो जाती है, आप तत्क्षण परम चैतन्य से एकीकृत हो जाते हैं। और इसके लिए संसार की किसी भी शास्त्रोक्त भोग्य वस्तु अथवा संबंध आदि का त्याग नहीं करना होता, ना ही कोई धन देना होता है। श्री चरणों में पूर्ण समर्पण ही एकमात्र योग्यता है। परंतु जैसा कि हमने पूर्व में कहा है कि आत्मा का साधन भौतिक शरीर है तथा भौतिक तत्व अपूर्ण व त्रुटि पूर्ण है। अतः हमें अपनी कनेक्टिविटी को बनाए रखने के लिए सुबह-शाम कुछ मिनट निर्विचार ध्यान में स्थित होना होता है, जो सहज ही संभव हो जाता है। सहजयोगी होना तभी संभव है जब आप गृहस्थ धर्म का पालन करते हैं। क्योंकि सहज योग में त्याग मात्र अहंकार, लोभ, मोह, क्रोध, ईर्ष्या एवं दूर्व्यसनों का करना होता है अन्य किसी का नहीं। सहजयोगी वही हो सकते हैं जो प्रेममय, आनंदमय व संतुष्ट गृहस्थ योगी होते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# शब्दों से युद्ध तक 'अगला हमला' और बदलती वैश्विक रणनीति

वॉशिंगटन की जमी हुई राजनीतिक हवा में जब यह वाक्य उछला– ÷अगला हमला बहुत भयानक होगा÷–तो वह महज़ चेतावनी नहीं रहा, बल्कि भविष्य के अंधेरे की ओर फेंका गया एक साया बन गया। डोनाल्ड ट्रंप के शब्द कभी सामान्य नहीं होते; वे संकेत होते हैं, इशारे होते हैं, और कई बार इतिहास की धुरी मोड़ देने वाली घोषणाएँ भी, जैसे जनवरी 2026 में ट्रूथ सोशल पर उनकी पोस्ट में द नेक्स्ट अटैक विल बी फ़ार वर्स! का उद्घोष। 2026 की दहलीज़ पर खड़ी दुनिया, जो महामारी की थकान, जलवायु आपदाओं और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, इस वाक्य को सुनकर सिहर उठी। यह बयान युद्ध की औपचारिक घोषणा भले न हो, लेकिन उसकी गंध साफ महसूस होती है। यह डर भी पैदा करता है, भ्रम भी रचता है और पूरी मानवता को इस बेचैनी में डाल देता है कि अगली तबाही किस दिशा से आएगी।

स्वाभाविक है कि इस धमकी की सुई सबसे पहले ईरान पर जाकर टिकती है। अमेरिका और ईरान के संबंध दशकों से अविश्वास, प्रतिबंधों और टकराव की आग में जलते रहे हैं। परमाणु महत्वाकांक्षाएँ, इज़रायल के साथ छद्म युद्ध और फारस की खाड़ी में बढ़ती सैन्य गतिविधियाँ पहले ही हालात को बारूद बना चुकी हैं। ऐसे माहौल में ट्रंप का यह बयान, और उसके साथ क्षेत्र में बढ़ती अमेरिकी सैन्य मौजूदगी, किसी संकेत से कम नहीं। यह साफ झलक देता है कि ईरान को चेताया जा रहा है कि अगर परमाणु डील नहीं हुई, तो अगला हमला पिछले (जून 2025 के स्ट्राइक्स) से फ़ार वर्स होगा।

ईरान की भीतरी हालत इस धमकी को और भी भयावह बना देती है। आर्थिक बदहाली, मुद्रा का गिरता मूल्य, बेरोजगारी और युवाओं के बीच पनपता असंतोष–इन सबके बीच सत्ता का कठोर रवैया समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है। ट्रंप की भाषा मानो यह संदेश देती है कि अमेरिका इन दरारों को रणनीतिक अवसर की तरह देख रहा है। लेकिन इतिहास बार-बार यही सवाल उठाता है–क्या बाहरी सैन्य दबाव किसी देश को सुधार सकता है, या वह केवल अराजकता को और गहरा करता है? अनुभव बताता है कि ऐसे हमलों का सबसे भारी बोझ हमेशा सत्ता पर नहीं, बल्कि आम नागरिकों के कंधों पर ही टूटता है।

फिर भी ट्रंप की इस धमकी को केवल ईरान तक सीमित मानना एक गंभीर भूल होगी। उनकी राजनीति की सबसे पहचानने योग्य विशेषता यही है कि वह जानबूझकर अस्पष्ट रखी जाती है। रूस, जो यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से सीधे टकराव की स्थिति में है, आज भी अमेरिकी रणनीतिक सोच के केंद्र में बना हुआ है। चीन, जो ताइवान और दक्षिण चीन सागर में अपनी शक्ति का खुला प्रदर्शन कर रहा है, वॉशिंगटन के लिए एक दीर्घकालिक और निर्णायक चुनौती बन चुका है। वहीं उत्तर कोरिया का परमाणु कार्यक्रम किसी भी क्षण हालात को विस्फोटक बना सकता है। हालांकि ट्रंप का यह स्पेसिफिक बयान ईरान पर केंद्रित है, लेकिन उनकी समग्र नीति (जैसे एनडीएस 2026) में चीन मुख्य थ्रेट है, और रूस/उत्तर कोरिया भी रडार पर बने हुए हैं। ऐसे परिदृश्य में अगला हमला एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक खुला संदेश बन जाता है–जो भी अमेरिकी लाल रेखाएं पार करेगा, उसके लिए परिणाम सुरक्षित नहीं होंगे।

आज के समय में युद्ध की परिभाषा पूरी तरह बदल चुकी है। अब लड़ाइयां केवल रणभूमि या सीमाओं तक सीमित नहीं रहीं। आर्थिक प्रतिबंध, साइबर हमले, सूचना युद्ध और कूटनीतिक दबाव आधुनिक युद्ध के सबसे प्रभावी हथियार बन चुके हैं। ट्रंप का यह बयान उसी मानसिक और मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा प्रतीत होता है। एक ही वाक्य वैश्विक बाजारों में भूचाल ला सकता है, तेल की कीमतों को आसमान पर पहुंचा सकता है और निवेशकों के भरोसे को डगमगा सकता है। आज शब्द मिसाइलों जितने ही घातक हो चुके हैं, और ट्रंप इस ताकत का इस्तेमाल करना भली-भांति जानते हैं।

ट्रंप की इस रणनीति को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ब्रिंकमैनशिप कहा जाता है–यानी दुनिया को जानबूझकर कगार तक ले जाना, ताकि सामने वाला पहले पीछे हट जाए। यह रणनीति दिखने में प्रभावी लग सकती है, लेकिन इसमें जोखिम असाधारण रूप से ऊंचा होता है। कगार पर खड़े होकर संतुलन बिगड़ने में सिर्फ एक पल लगता है। यदि किसी संकेत को गलत समझ लिया गया, या किसी पक्ष ने जल्दबाजी में प्रतिक्रिया दे दी, तो सीमित टकराव भी पूर्ण युद्ध का रूप ले सकता है। खासकर तब, जब सामने खड़े देश भी तकनीकी और सैन्य रूप से सक्षम हों और पीछे हटने को तैयार न हों।

ट्रंप स्वयं को शांति का सौदागर कहलाना पसंद करते हैं, लेकिन उनकी भाषा में शांति की नरमी कम और शक्ति का कठोर प्रदर्शन अधिक झलकता है। यही विरोधाभास उनकी राजनीति की स्थायी पहचान बन चुका है। उनका विश्वास है कि भय पैदा करके स्थिरता कायम की जा सकती है, जबकि इतिहास बार-बार साबित करता है कि डर अक्सर अस्थायी शांति और स्थायी संघर्ष को जन्म देता है। मध्य पूर्व पहले ही युद्ध, अस्थिरता और विभाजन की मार झेल रहा है। यदि वहां एक और बड़ा सैन्य टकराव भड़कता है, तो उसके झटके सीमाओं में नहीं रुकेंगे, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र को गहराई तक हिला देंगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा नुकसान उस आम इंसान का होता है, जिसका किसी रणनीति, सत्ता या भू-राजनीतिक खेल से कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध की धमकियां नेताओं के भाषणों में जन्म लेती हैं, लेकिन उनकी कीमत नागरिक चुकाते हैं–घर उजड़ते हैं, रोज़गार छिन जाते हैं और डर रोज़मर्रा की जिंदगी का स्थायी साथी बन जाता है। ट्रंप की यह धमकी सुरक्षा का भरोसा नहीं देती, बल्कि अनिश्चितता और आशंका को और गहरा करती है। शायद यही कारण है कि इस बयान के बाद दुनिया के कई हिस्सों में बेचैनी और असहजता साफ महसूस की जा रही है।

ट्रंप का वर्तमान निशाना मुख्य रूप से ईरान है, जहाँ मैसिव आर्माडा भेजे जाने की तैयारी दिखाई दे रही है और परमाणु डील की सख्त माँग दोहराई जा रही है। यह बयान एक असहज करने वाली सच्चाई को उजागर करता है–2026 की दुनिया तकनीक, सूचना और ज्ञान में चाहे जितनी भी उन्नत क्यों न हो गई हो, उसकी मानसिकता अब भी युद्ध की पुरानी और भयावह परछाइयों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकी है। यदि सचमुच अगला हमला हुआ, तो वह केवल भयानक ही नहीं होगा, बल्कि ऐसा गहरा घाव छोड़ेगा जिसे भरने में दशकों नहीं, शायद पीढ़ियाँ लग जाएँ। अब यह वैश्विक समुदाय पर निर्भर करता है कि वह भय और टकराव के रास्ते पर आगे बढ़ता है, या संवाद, संयम और विवेक का साहसिक विकल्प चुनता है।

**-प्रो. आरके जैन**

## विकासशील देशों में संसाधनों की कमी, पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं। (विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है) इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं।

**-संजीव ठाकुर**

# एविएशन सेक्टर को दुर्घटना-शून्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आँकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएँ कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएँ इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियाँ जिम्मेदार होती हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रखरखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्यदबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती है। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएँ पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहाँ हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएँ भी कम नहीं हैं। लेकिन जब विमान दुर्घटनाएँ होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएँ यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

इसी क्रम में हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह हादसा विमान की लैंडिंग के दौरान हुआ। जानकारी के अनुसार अजित पवार एक पंचायत चुनाव के प्रचार के लिए निजी विमान से यात्रा कर रहे थे। वे राष्ट्रवादी राजनीति में एक प्रभावशाली चेहरा थे और शरद पवार के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाते थे। उनका इस तरह असामयिक निधन न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ी क्षति है। वास्तव में, यह पहला अवसर नहीं है जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। बीते वर्षों में भारत ने कई प्रमुख नेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को ऐसे हादसों में खोया है।पाठक जानते होंगे कि गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। इस विमान में 242 लोग सवार थे, जिनमें से केवल एक व्यक्ति के बचने की खबर सामने आई थी। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए एक हेलीकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। वे अपनी पत्नी और 11 अन्य लोगों के साथ सुलूर से वेलिंगटन जा रहे थे। इसी तरह 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलीकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। यह हेलीकॉप्टर दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहा था और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की 2 सितंबर 2009 को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। वे कानपुर जाने के लिए 10 सीटों वाले निजी विमान में सवार थे, जो खराब मौसम के कारण मैनपुरी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जी. एम. सी. बालयोगी की 3 मार्च 2002 को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बहरहाल, यहां यह कहना भी सही नहीं होगा कि दुर्घटनाएँ पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है। दुर्भाग्य यह है कि हमारी व्यवस्था अक्सर %प्यास लगने पर कुआँ खोदने% वाली मानसिकता से चलती है। किसी बड़े हादसे के बाद जांच के आदेश होते हैं, बयानबाज़ी होती है, कुछ दिनों तक मीडिया में शोर मचता है और फिर सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है।

हम पूर्व में हुई दुर्घटनाओं से न तो गंभीरता से सबक लेते हैं और न ही स्थायी सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं। नतीजा यह होता है कि हालात फिर वही %ढाक के तीन पात% वाले रह जाते हैं। यदि वास्तव में जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है, तो हमें हादसों के बाद नहीं, बल्कि हादसों से पहले जागना होगा। सुरक्षा नियमों को कागजों तक सीमित रखने के बजाय ज़मीन पर सख्ती से लागू करना होगा, तभी हवाई यात्रा ही नहीं, हर यात्रा वास्तव में सुरक्षित बन सकेगी।

दूसरे शब्दों में कहें तो आज निजी जेट, चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल राजनीतिक दलों, नेताओं और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इन यानों के रखरखाव, पायलटों के कौशल और उड़ान से जुड़े नियमों की सख्त निगरानी बेहद जरूरी हो गई है। हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमित और कठोर तकनीकी जांच, समय पर मेंटेनेंस, पायलटों और क्रू का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को अधिक सटीक बनाना, पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को आधुनिक तकनीक से लैस करना आवश्यक है। दुर्घटना जांच रिपोर्टों से सीख लेकर नियमों में त्वरित सुधार भी अनिवार्य है। वास्तव में, अजित पवार के निधन से सबक लेते हुए एविएशन सेक्टर को दुर्घटना-शून्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**-सुनील कुमार महला**

# विमान हादसों में नेताओं की असमय विदाईः संयोग, चयन-पूर्वाग्रह या व्यवस्था की गहरी कमजोरी?

भारत की राजनीतिक यात्रा बार-बार आकाशी हादसों की भेंट चढ़ती रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती विमान दुर्घटना ने एक बार फिर पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। पांच लोगों की मौत के साथ राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हुआ, जिसकी भरपाई केवल संवेदनाओं से संभव नहीं। यह पहला मामला नहीं है–संजय गांधी (1980), माधवराव सिंधिया (2001), वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (2009) जैसे उदाहरण बताते हैं कि उच्च पदस्थ नेताओं की अकाल मृत्यु बार-बार एक ही प्रश्न खड़ा करती है- क्या विमान हादसे महज़ संयोग हैं, किसी साजिश का परिणाम, या फिर हमारी राजनीतिक यात्रा-संस्कृति और विमानन व्यवस्था की संरचनात्मक कमजोरी?

भारतीय राजनीति में हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि जीवनरेखा बन चुकी है। चुनावी दौर में एक प्रत्याशी औसतन 120ङ्क150 सभाएँ करता है; सप्ताह में 40ङ्क50 उड़ानें असामान्य नहीं। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से सक्रिय राज्य में बारामतीङ्कमुंबईङ्कदिल्ली के बीच निरंतर आवाजाही समय की मजबूरी है। ऐसे में चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर नेताओं की पहली पसंद बनते हैं।

लेकिन यही विकल्प सबसे अधिक जोखिमपूर्ण भी हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्राइवेट और चार्टर्ड विमानों की दुर्घटना दर कमर्शियल एयरलाइंस की तुलना में कई गुना अधिक है। कारण स्पष्ट हैं–सीमित पायलट अनुभव, पुराने विमानों का उपयोग, मौसम पर अत्यधिक निर्भरता, अस्थायी हेलीपैड और डीजीसीए की अपेक्षाकृत ढीली निगरानी।

अजित पवार की दुर्घटना हो या वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का हेलीकॉप्टर हादसा, या माधवराव सिंधिया का चार्टर्ड विमान–प्रारंभिक और अंतिम जाँचें बार-बार पायलट त्रुटि, तकनीकी विफलता या प्रतिकूल मौसम की ओर इशारा करती हैं। यह भी स्पष्ट है कि नेता रेल या कमर्शियल फ्लाइट से इसलिए बचते हैं क्योंकि वे चुनावी प्रचार की गति से मेल नहीं खा पातीं।

चुनावी मौसम में यह जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सैकड़ों हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमान किराये पर लिए गए। कई मामलों में रखरखाव प्रमाण-पत्रों, पायलट रेस्ट-नॉर्म्स और हेलीपैड मानकों की अनदेखी सामने आई। राजनीतिक दलों द्वारा लिए जाने वाले तथाकथित 'पॉलिटिकल पैकेज'–कम कीमत, पुराने मॉडल–जोखिम को और बढ़ाते हैं।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या वास्तव में केवल नेता ही विमान हादसों में मरते हैं? उत्तर है–नहीं। भारत में हर वर्ष सैकड़ों छोटे विमान और हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें आम नागरिक भी मारे जाते हैं। लेकिन मीडिया का फोकस हाई-प्रोफाइल चेहरों पर टिक जाता है। यही चयन-पूर्वाग्रह है–जो दिखता है, वही पूरा सत्य लगने लगता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही प्रवृत्ति दिखती है। अमेरिका में जॉन एफ. कैनेडी जूनियर, यूरोप में पोलैंड के राष्ट्रपति लेह काचिंस्की, अफ्रीका और रूस में राष्ट्राध्यक्षों की हवाई दुर्घटनाएँ–हर जगह साजिश की थ्योरी पहले आती है, तथ्य बाद में। जबकि अंतरराष्ट्रीय विमानन आंकड़े बताते हैं कि जनरल एविएशन में अधिकांश दुर्घटनाएँ मानवीय भूल और सिस्टम फेलियर का परिणाम होती हैं। दुर्भाग्य से मीडिया की सनसनीखेज़ी इन हादसों को 'राजनीतिक षड्यंत्र' में बदल देती है। इससे न केवल जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास भी गहराता है।

समस्या मूलतः व्यवस्थागत है। डीजीसीए के पास चार्टर्ड विमानों की निगरानी के लिए संसाधन सीमित हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश मौजूद हैं, पर उनका प्रवर्तन कमजोर है। पायलट प्रशिक्षण, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और अस्थायी हेलीपैड–तीनों में गंभीर सुधार की ज़रूरत है।

अब समय आ गया है कि शोक के बाद भूलने की परंपरा छोड़ी जाए। इसके लिए कुछ ठोस और व्यावहारिक कदम अनिवार्य हैं। सबसे पहले, राजनेताओं के लिए एक डेडिकेटेड एयर विंग विकसित किया जाना चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे भारतीय वायुसेना का वीवीआईपी बेड़ा संचालित होता है, जिसमें आधुनिक हेलीकॉप्टर, उन्नत जीपीएस-रडार सिस्टम और अत्यधिक प्रशिक्षित पायलट हों। दूसरा, चुनावी मौसम में उपयोग होने वाले चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों के लिए सख्त राष्ट्रीय मानक तय किए जाएँ और उनकी रियल-टाइम डिजिटल ट्रैकिंग अनिवार्य की जाए, ताकि सुरक्षा से कोई समझौता न हो। तीसरा, नेताओं की अत्यधिक यात्रा को कम करने के लिए वर्चुअल रैलियों, डिजिटल संवाद और तकनीक आधारित प्रचार को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे अनावश्यक उड़ानों का दबाव घटे। चौथा, पायलट प्रशिक्षण, उड़ान से पहले तकनीकी जाँच और विमान रखरखाव पर जीरो-टॉलरेंस नीति अपनाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली प्राइवेट कंपनियों पर कठोर दंड लगाया जाए। अंततः, मीडिया के लिए भी जिम्मेदार रिपोर्टिंग संबंधी स्पष्ट गाइडलाइंस तय हों, ताकि हर विमान हादसे को साजिश में बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके।

नेताओं की असमय मृत्यु केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती–वह सत्ता संतुलन, नीतिगत निरंतरता और लोकतांत्रिक भरोसे को भी चोट पहुँचाती है। अजित पवार, वाई.एस.आर. या संजय गांधी–हर हादसा हमें चेतावनी देता है। विमान दुर्घटनाएँ साजिश नहीं, बल्कि लापरवाही, दबाव और कमजोर व्यवस्था का परिणाम हैं। अगर आज सुधार नहीं हुआ, तो कल शोक केवल दोहराया जाएगा।

लोकतंत्र के पायलटों को सुरक्षित आकाश चाहिए–यह केवल एक भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि समय की ठोस माँग है। बार-बार होने वाले विमान और हेलीकॉप्टर हादसे यह स्पष्ट कर चुके हैं कि समस्या किसी एक नेता, एक दल या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी राजनीतिक यात्रा-संस्कृति और विमानन व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक कमजोरी से जुड़ी है। जब लोकतंत्र के प्रतिनिधि असुरक्षित साधनों से यात्रा करने को मजबूर होते हैं, तो उसका दुष्परिणाम केवल एक परिवार या दल नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र को भुगतना पड़ता है।

नेताओं की असमय मृत्यु सत्ता में शून्य, नीतियों में अस्थिरता और जनता के भरोसे में दरार पैदा करती है। इसके साथ ही साजिश की अफवाहें लोकतांत्रिक संस्थाओं को और कमजोर करती हैं। इसलिए ज़रूरत इस बात की है कि हर हादसे के बाद संवेदना व्यक्त कर आगे बढ़ जाने के बजाय, ठोस सुधारों को राजनीतिक इच्छा-शक्ति से जोड़ा जाए। सुरक्षा मानकों में ढील, निगरानी की कमजोरी और जल्दबाज़ी में की गई उड़ानें किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक साबित हो सकती हैं।

यदि भारत सचमुच मजबूत और स्थिर लोकतंत्र की ओर बढ़ना चाहता है, तो उसे अपने प्रतिनिधियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। सुधार आज होंगे, तभी कल शोक की पुनरावृत्ति रुकेगी। सुरक्षित आकाश केवल नेताओं के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र की निरंतर उड़ान के लिए अनिवार्य है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# व्यापार, रोजगार एवं शिक्षा मेले का सफल आयोजन संपन्न



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जरिया बिज़नेस सॉल्यूशन एवं कर्मयोग ट्रस्ट द्वारा शहर में दूसरी बार कौशल विकास, रोजगार और शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापार, रोजगार एवं शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। यह तीन दिवसीय मेला 24, 25 एवं 26 जनवरी को साया गार्डन, बीमा हॉस्पिटल के पीछे, प्रातः 10 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित हुआ। मेले का शुभारंभ शहर काज़ी अबुल कलाम, उद्योगपति एवं समाजसेवी सलीम शेख (प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय मानव अधिकार परिषद, इंदौर), पूर्व सभापति अंसार अहमद, वरिष्ठ पत्रकार हाजी असलम कुरैशी, शकील कादरी, फारूक पठान, उस्मान शेख, रिज़वान खान, तौसीफ शेख (डायरेक्टर आयपीएस एण्ड एटीएस ग्रुप), अय्यूब भारती एवं जरिया के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। तीन दिवसीय मेले में व्यवसाय को आगे बढ़ाने के नए तरीके, पारंपरिक कार्यों को आधुनिक रूप देने की जानकारी, बिज़नेस नेटवर्क विस्तार, शिक्षा एवं स्कॉलरशिप तथा स्टार्टअप शुरू करने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। विभिन्न उद्योगों, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लेकर युवाओं को उपयोगी जानकारियाँ प्रदान कीं।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर साईनाथ स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, वहीं एंजल कॉन्वेंट स्कूल एवं चिल्ड्रन पैरेडाइज स्कूल के विद्यार्थियों ने रॉबर्ट एक्सपो का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसी अवसर पर शहर काज़ी अबुल कलाम , अय्यूब भारती एवं खलीक चाचा की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, प्रदीप चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईशान राणा, पार्षद प्रतिनिधि वसीम हुसैन एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शौकत हुसैन दादा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत एक भव्य मुशायरे का भी आयोजन किया गया। अंतिम समापन समारोह पार्षद मुस्तफा अहमद (हाथी वाले) एवं वरिष्ठ पत्रकार परवेज़ इक़बाल के करकमलों से संपन्न हुआ। मेले में रोबोट वाला इंदौर, एमफुट टेक इंदौर, आयपीएस एण्ड एटीएस ग्रुप पीथमपुर, दादाजी एम्पायर इंदौर, बग्स एनिमेशन, वॉग जी मसाले इंदौर, सेहत की पाठशाला, स्टार वे लीगल सर्विस इंदौर सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों ने अपने स्टॉल लगाए। युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आर्म रेसलिंग एसोसिएशन एवं जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सहयोग से जरिया ट्रॉफी चौंपियनशिप का आयोजन किया गया, वहीं मेट्रो कलेक्शन सेंटर द्वारा शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल की निशुल्क जांच की गई। मेले के सफल आयोजन में कर्मयोग ट्रस्ट की सीनियर एवं जूनियर टीम का सराहनीय योगदान रहा। उक्त जानकारी जरिया टीम वसीम शेख द्वारा दी गई।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ देवास में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में दिनांक 29.01.2026 को शासकीय सांदीपनि उ.मा.विद्यालय बालगढ़ देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अजय प्रकाश मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे खेल प्रतियोगिता एवं 10वीं एवं 12वीं में टॉपर रहे छात्र, छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

उक्त शिविर में माननीय - अजय प्रकाश मिश्र ने अपने उधबोधन में यातायात व्यवस्था एवं उनके कानून के संबंधों में जानकारी देते ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, वाहन का बीमा कराने हेतु विशेष रूप से समझाइश देकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया । साथ ही नशे से दूर रहकर अपने आने वाले कल को किस तरह उज्जवल बना सकते है और एक अच्छे व ईमानदार व्यक्ति की तरह जीवन यापन कैसे कर सकते हैं इस बारे में भी विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में हरी सिंह भारती,जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, देवेंद्र बंसल सहित शिक्षिकाएं, स्टॉफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आभासी पटल आनन्द मार्ग जूम जागृति पर मनाया रेनासां यूनिवर्सल डे




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ देवास के हेमेन्द्र निगम काकू ने बताया कि संस्था नृत्य संगीत कार्यक्रम आर यु डे ऑन लाईन मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य रामेन्द्रानन्द अवधूत जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर, व्यंजना दीदी के जयकार और कुन्ती दीदी के द्वारा शंखनाद से कार्यक्रम की भव्य शुरुआत हुई। विशिष्ट अतिथि आचार्य ओंकारेश्वरानन्द अवधूत दादा जी थे।

इस अवसर पर प्रभात संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रमा देव जयपुर, शान्वी कुमारी लुधियाना , अनामिका दीदी वाराणासी, उषा साह मुंबई ने सबका मन मोह लिया। रत्नेश दादा, मीता दीदी, तनमय देव, नवल दादा, वीर-वीरा, प्रखर दादा, स्वपन दादा, सुंदरम दादा, किरण दीदी व अभिनव दादा ने प्रभात संगीत की प्रस्तुति से माहौल को अध्यात्म के रंग से रंगीन बना दिया। व्यंजना दीदी ने जाग जाग अब जाग जाग काव्य पाठ का गायन कर जोश भर दिया। आचार्य ओंकारेश्वरानन्द अवधूत जी ने नन्दन विज्ञान के गहन भावो को बताया। उसके बाद कीर्तन रत्नेश दादा का पूरा परिवार जागृति, वाणी, पूनम दीदी ने मिलकर किया फिर मिलित साधना के पश्चात भल्ला दादा ने गुरुपूजा की। मुख्य अतिथि उद्बोधन में आचार्य रामेन्द्रानन्द अवधूत जी ने रू डे के विषय में बताते हुए कहा कि 25 जनवरी 1958 को महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु एवं सामाजिक क्रांतिकारी प्रभात रंजन सरकार उर्फ आनंदमूर्ति ने त्रिमोहन गांव में रिनोसा यूनिवर्सल पर पहला ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था। उनका वह भाषण मानव इतिहास में एक निर्णायक मोड़ सिद्ध हुआ। उस ऐतिहासिक संबोधन में उन्होंने मानव समाज को जातिवाद, संप्रदायवाद, राष्ट्रवाद की संकीर्णता तथा सभी प्रकार की विभाजनकारी भावनाओं से ऊपर उठने का आह्वान किया था। आज भी उसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। इसलिए हर वर्ष इस दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की आयोजिका व्यंजना आनन्द रही। संचालन दिनेश दादा उदयपुर ने किया तथा आभार भल्ला दादा ने माना। उक्त जानकारी हेमेन्द्र निगम ने दी।

## गांधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर चिकन, मॉंस, मछली व पशुवध गृह, दुकानें रहेंगीं बंद

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार 30 जनवरी को महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मॉंस मटन एवं मछली विक्रय की दुकाने एवं समस्त प्रकार के नानवेज होटल बंद रहेंगें उक्त निर्देश गांधी जी के निर्वाण दिवस पर शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर को शहर के समस्त चिकन मटन, मछली विक्रय की दुकानें बंद रखने के सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त के निर्देश के पालन में स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि सभी व्यवसायकों/ होटल, दुकानों के संचालकों को सूचना पत्र दिये गये है। 30 जनवरी को उक्त दुकानें/ होटलें खुली पाई जाती हैं तो मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 254 की उप धारा (1) में उल्लेखित नियमों के अनुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

## नगरवासियों ने लगाए तेजाजी महाराज के जयकारे



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जाट समाज ने गुरुवार को भगवान श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के 952वें जन्मोत्सव पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली। जिसका नगरवासियों ने स्वागत द्वार बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा की शुरूआत लोंदिया रोड स्थित वीर तेजाजी मंदिर से हुई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में आगे ट्रैक्टरों पर सवार होकर समाजसेवी चल रहे थे। उनके पीछे डीजे और ढोल की धुन पर समाज के युवक नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। भगवान वीर तेजाजी महाराज को एक सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया था, जिसके साथ बड़ी संख्या में समाजसेवी और श्रद्धालु पैदल चल रहे थे। इस शोभायात्रा में चार पहिया वाहनों का काफिला भी शामिल था। यह शोभायात्रा ज्योति नगर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, नई सड़क, बड़ा चौक, मीरा काला बाजार, बादशाहपुल होते हुए मुरादपुर मंदिर पहुंची। आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के जवानों की पर्याप्त तैनाती की गई थी।

फूलों से सजी नगर की सड़कें - शोभायात्रा की शुरूआत होते ही नगर में शोभायात्रा का स्वागत करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी और शोभायात्रा में शामिल सभी वरिष्ठों का नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे नगर की सड़कें फूलों से पट गई। कई स्थानों पर शोभायात्रा के स्वागत के लिए स्वागत द्वार भी बनाए गए थे।

# कृत्रिम हाथ (प्रोस्थेटिक हेंड) लगने से हितग्राही श्री उमेश का लिखना, भोजन करना हुआ आसान




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं इनाली फाउंडेशन के परस्पर समन्वय से 26 एवं 27 जनवरी 2026 को सिविल हास्पिटल हथाई खेडा आनंद नगर भोपाल मे शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में उन हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनके हाथों के कोहनी से नीचे का भाग नहीं था और उन्हें कृत्रिम हाथ (प्रोस्थेटिक हेंड) लगाये जाने थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय विदिशा ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 वर्षीय उमेश कुमार साहु पुत्र श्री प्रेमनारायण साहू का जन्म से ही दाहिने हाथ की कोहनी से नीचे का हिस्सा नहीं था। उमेश के स्कूल के शिक्षक को जब शिविर की जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने जिला चिकित्सालय में संपर्क किया एवं परिजनों को सम्पूर्ण जानकारी के साथ चिकित्सालय में संपर्क करने हेतु भेजा। जिला चिकित्सालय में कृत्रिम हाथ (प्रोस्थेटिक हेंड) एवं शिविर संबधी संपूर्ण जानकारी देते हुए 26 जनवरी को उमेश को परिजनों के साथ शिविर स्थल पर पहुंचाया गया तत्पश्चात एक आसान सी प्रकिया द्वारा उसको कृत्रिम हाथ लगाया गया। आज उमेश एवं उसका परिवार बहुत खुश है क्योंकि वह अपने दैनिक कार्यो जैसे लिखना, भोजन करना इत्यादि कार्यो को बहुत आसानी एवं सहजता से कर सकता है। शिविर में उमेश के अतिरिक्त जिले से अन्य 11 हितग्राहियों को भी कृत्रिम हाथ लगाए गये हैं।

# संपत्तिकर वसुली को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के सख्त निर्देश

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम राजस्व की टीम द्वारा संपत्तिकर के बकायादारों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की जा रही है। संपत्तिकर बकाया वसुली को लेकर निगम की टीम द्वारा जिन बकायादारों द्वारा अपना व्यवसाय बिना संपत्तिकर जमा करे चला रहे हैं ऐसे व्यवसायकों पर निगम राजस्व की टीम के द्वारा शिकंजा कस्ते हुये वार्डो मे भ्रमण कर वसुली की जा रही है। इसी क्रम मे वार्ड ब्राहम्ण खेडा में मालाकार फार्म्स एवं रिजाल्व इंटरप्राईजेस तथा मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट के द्वारा अवैध रूप से व्यवसाय संचलित करने पर निगम राजस्व की टीम ने की कार्यवाही।



मालाकार फार्म्स उद्योग एवं सांवरिया रेस्टोरेंट हुआ सील- वार्ड ब्राहम्ण खेडा में मालाकार फार्म्स उद्योग एवं मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट के द्वारा बिना संपत्तिकर जमा करे एवं निगम में फर्म का संपत्तिकर खाता इंद्राज नही करते हुये उद्योग संचालित करने पर निगम की टीम द्वारा मालाकार उद्योग फार्म्स पर एवं मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट पर कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की, वार्ड ब्राहम्ण खेडा मे रिजाल्व इंटरप्राईजेस सेनेटरी मेन्युफेक्चरिंग युनीट फर्म पर संपत्तिकर की राशि रूपये 8 लाख बकाया होने पर निगम की टीम द्वारा उक्त युनिट पर भी तालाबंदी की गई। कार्यवाही के दौरान रिजाल्व इंटरप्राईजेस सेनेटरी मेन्युफेक्चरिंग युनीट फर्म के अनूरोध पर 2 दिवस में संपत्तिकर की बकाया राशि जमा करने की समयावधि टीम द्वारा दी गई। आयुक्त के निर्देशन में निगम राजस्व की टीम द्वारा संपत्तिकर के बकायादारों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की जा रही है।

# अच्छी खबर सामाजिक सरोकार के तहत ग्वालियर के मर्सी होम को बनाया गया स्वीट होम

## कलेक्टर की पहल एवं राम आस्था मिशन की मेहनत से किए गए अनेक कार्य



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों की देखरेख के लिये ग्वालियर में स्थित मर्सी होम को सामाजिक सरोकार के तहत बेहतर बनाने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर राम आस्था मिशन फाउण्डेशन की टीम ने जन सहयोग से मर्सी होम को स्वीट होम बनाने का अनुकरणीय कार्य किया है। इस कार्य में समाज के सभी वर्गों ने भी बढ़चढ़कर भागीदारी की है। ग्वालियर का मर्सी होम अब स्वीट होम के रूप में संचालित है। यहां पर रह रहे बच्चों को बेहतर माहौल और बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जब मर्सी होम का अवलोकन किया तो वहां की व्यवस्थाओं को देखकर सामाजिक सरोकार के तहत इसके सुधार का काम हाथ में लिया और राम आस्था मिशन फाउण्डेशन की टीम को इस पुनीत कार्य के लिये प्रोत्साहित किया। मिशन के वॉलेन्टियरों द्वारा मर्सी होम का भ्रमण कर वहां पर बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये समाज के सभी वर्गों के सहयोग से कार्य प्रारंभ किया। मर्सी होम के सुधार कार्य के लिये सबसे पहले जर्जर दीवारों की मरम्मत, मर्सी होम की पुताई का कार्य भी किया गया। इस कार्य में आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा भी सराहनीय सहयोग दिया गया। यहां पर सुंदर पेंटिंग से मर्सी होम को आकर्षक बनाने का काम किया गया। मिशन की टीम ने मर्सी होम में उपलब्ध अनुपयोगी सामानों को भी रिपेयर कर उपयोगी बनाया। इसके साथ ही कम से कम खर्च में कूलर, पंखे, खिड़कियां, दरवाजे, पलंग, कुर्सी, टेबल और टॉयलेट के सुधार का कार्य किया गया। इसके साथ ही मर्सी होम परिसर में स्थित मंदिर के रिनोवेशन का कार्य कर वातावरण को और सकारात्मक बनाने का सार्थक प्रयास किया गया। मर्सी होम में रहने वाले सभी बच्चों के लिये दो ड्ड दो जोड़ी नए कपड़े सिलवाकर प्रदान किए गए। कम से कम खर्च और कम समय में ही मर्सी होम की तस्वीर बदली-बदली नजर आने लगी। अब मर्सी होम बच्चों के लिये स्वीट होम बन गया है।

# महारानी चिमनाबाई में करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 28 जनवरी को करियर काउंसलिंग मेला के अंतर्गत शासकीय कन्या महारानी चिमनाबाई विद्यालय परिसर में छात्राओं को रितु रायपुरिया मैडम डिप्टी कलेक्टर देवास के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वागत भाषण महारानी चिमनाबाई विद्यालय प्राचार्य राजू सातपुते के द्वारा किया गया। इस काउंसलिंग के अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर रितु रायपुरिया द्वारा छात्राओं को सिविल सेवा में जाने के लिए मार्गदर्शन दिया और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिकी परीक्षा और बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए और प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसे अपना स्थान कैसे प्राप्त कर सकते हैं लिए सभी छात्रों को ने कुछ विशेष टिप्स दी और जिसके द्वारा छात्राएं बहुत ज्यादा लाभान्वित हुई साथ ही एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारी कैसे करें कौन-कौन से विषय का चयन किया जाए परीक्षा के कितने लेवल होते हैं परीक्षा में साक्षात्कार कैसे दिया जाता है सभी विधाओं का परिचय छात्राओं को कराया गया और छात्राओं द्वारा भी डिप्टी कलेक्टर मैडम से प्रश्न पूछे गए और बहुत सारी छात्राएं इस सेशन से बहुत ज्यादा लाभान्वित हुई। आभार अर्चना डोडवे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य राजू सातपुते, वेदना चौधरी, दीपाली मिराजकर, अर्चना डोडवे, कविता रघुवंशी, प्रमोद पांडे, हितेंद्र यादव, उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए व्यवस्थाओं के संबंध में वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसपी जाटव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विदिशा जिला अंतर्गत हायर सेकेण्ड्री और हाईस्कूल की परीक्षा के लिए निर्धारित 75 परीक्षा केन्द्रो पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष का चयन कर जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन उपरान्त जिला एनआईसी से रेण्डम प्रक्रिया द्वारा नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। पर्यवेक्षको का रिजर्व सहित केन्द्रवार चयन कर जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन करा लिया गया है।

कलेक्टर प्रतिनिधि- जिले के निर्धारित 75 परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति कर आदेश जारी कर दिया गया है। कलेक्टर प्रतिनिधियों का मोबाईल एप पर पंजीयन परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का वाट्सअप ग्रुप बनाकर रजिस्ट्रेशन के लिए एप डाउनलोड करने की लिंक मोबाईल पर भेज दी गई है पंजीयन कार्य प्रचलित है।

प्रशिक्षण- जिले के परीक्षा केन्द्रो पर नियुक्त केन्द्राध्यक्ष , सहायक केन्द्राध्यक्ष का प्रशिक्षण 04 फरवरी 2026 को आयेजित किया जाएगा तथा कलेक्टर प्रतिनिधियो का प्रशिक्षण 31 जनवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

केन्द्र निरीक्षण दल का गठन एवं संवेदनशील, अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विकासखण्ड स्तर पर 02-2 दल एवं जिला स्तर पर 4 निरीक्षण दल कुल 18 निरीक्षण दलो का गठन कर आदेश जारी कर दिए है। इसी प्रकार जिले के 03 संवेदनशील परीक्षा केन्द्र एवं 08 अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रो पर प्रेक्षकों का चयन कर जिला एन.आई.सी. से रेण्डम कराकर नियुक्ति की कार्यवाही कर ली गई है।

मण्डल परीक्षाओं हेतु चयनित, नियुक्त केन्द्राध्यक्ष सहायक केन्द्राध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधि, निरीक्षण दल एवं प्रेक्षको के नामो की मण्डल की वेबसाईट एप https//mpbse.conductofe&am.in पर पृविष्टि कर दी गई है। कक्षा 10वी एवं 12वी में प्रवेशित नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षाओ के आयोजन हेतु बाह्य परीक्षकों के चयन की कार्यवाही करआदेश जारी कर दिए गए हैं। नियमित छात्रो के लिए निर्धारित 10 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 के मध्य अध्यनरत संस्था में एवं स्वाध्यायी परिक्षार्थियों के लिए 10 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 के मध्य सम्पन्न करा ली जाएगी ।

सुरक्षा व्यवस्था - समन्वयक संस्था शास. उत्कृष्ट उ.मा.दि. विदिशा में स्ट्रॉग रूम तैयार कर लिया गया है। गोपनीय सामग्री एवं कोरी उत्तर पुस्तिकाए प्राप्त होने पर 1ध्4 के गार्ड की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा के दौरान जिले 03 संवेदनशील एवं 08 अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रो पर आवश्यक पुलिस की व्यवस्था के लिए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, होमगार्ड जिला-विदिशा को पत्र लिख दिया गया है।

प्रश्नपत्र वितरण व्यवस्था - जिला समन्ययक संस्था शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. विदिशा से गोपनीय सामग्री वितरण एवं संबंधित थाने तक गोपनीय सामग्री के परिवहन हेतु रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। गोपनीय सामग्री वितरण की तिथि को सामग्री परिवहन के लिए 05 यसो की व्यवस्था करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिख दिया गया है।

केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षा तिथियो में टाईम टेविल में निर्धारित प्रश्न पत्र की थाने से निकासी। कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी। प्रश्नपत्र निकासी उपरान्त केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि स्वयं के वाहन से परीक्षा केन्द्र तक साथ रहेंगे।

नकल पर नियंत्रण - मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओ में परीक्षा केन्द्रो पर नकल पर नियंत्रण रखने हेतु ष्प्रत्येक विकासखण्ड पर 02-02 निरीक्षण दल एवं जिला स्तर पर 04 निरीक्षण दलो कुल 18 निरीक्षण दलो का गठन किया गया है। इसके साथ ही जिले के पत्येक विकासखण्ड में पदस्थ एसडीएम (राजस्व) को भी अपने स्तर पर निरीक्षण दल तैयार कर परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए जा रहे है।

जिला स्तर पर कंट्रोल रूम - परीक्षा के दौरान प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम परीक्षा दौरान आपस में सत्त सम्पर्क में रहकर कार्य करेंगे।

परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करने संबंधी फैलानी वाली अफवाहो को रोकने संबंधी जिला स्तर पर की गई व्यवस्थाए जिला स्तर पर प्रश्नपत्रो की गोपनीयता भंग करने संबंधी फैलाने वाली अफवाहो पर अंकुश लगाने के लिए जिला स्तर पर साईवर काईम टीम से निगरानी की कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक को पत्र लिख दिया गया है।

मूल्यांकन व्यवस्था- मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारियो की नियुक्तिः- माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल द्वारा जिले के 04 मास्टर्स ट्रेनरो की नियुक्ति कर दी गई है।

नोडल अधिकारियो का प्रशिक्षण - नोडल अधिकारियो का प्रशिक्षण 03 फरवरी 2026 को है। मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षको का जिला स्तर पर नोडल अधिकारियो द्वारा प्रशिक्षण रू-मास्टर्स ट्रेनरो के प्रशिक्षण उपरान्त जिले के मूल्यांकनकर्ताओ को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मुकेश गुर्जर सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर (PRAGYA GURJAR D/O MUKESH GURJAR) है, परन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर (PRAGYA GURJAR D/O MUKESH GURJAR) के स्थान पर माहि गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर (MAHI GURJAR D/O MUKESH GURJAR) दर्ज हो गया है, जो कि गलत एवं असत्य है। जबकि मेरी पुत्री के अन्य शासकीय दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम प्रज्ञा गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर (PRAGYA GURJAR D/O MUKESH GURJAR) है, जो कि सत्य एवं सही है, राजपत्र में प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरी पुत्री के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, व्यक्तिगत कार्यवाही एवं समस्त दस्तावेजों में सही नाम प्रज्ञा गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर (PRAGYA GURJAR D/O MUKESH GURJAR) से जाना पहचाना, लिखा, पढ़ा एवं दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम**
**माहि गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर**
**नया नाम**
**प्रज्ञा गुर्जर पिता मुकेश गुर्जर**

# अनिका के जीवन हेतू बदनावर ने दिल खोल कर किया सहयोग

## उपचार के लिए सात लाख से अधिक हुई राशि एकत्रित



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर की जनता ने एक बार फिर नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इंदौर की नन्ही बेटी अनिका, जो स्रूजैसी दुर्लभ और गंभीर बीमारी से पीड़ित है। युवा सचिन पाटीदार के आवाहन पर उपचार के लिए बुधवार को बदनावर विधानसभा में निकाली गई जन सहयोग यात्रा में इंसानियत का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अभियान के माध्यम से बदनावर क्षेत्र से कुल ?7 लाख 15 हजार की सहयोग राशि एकत्रित की गई।

जन सहयोग यात्रा के दौरान नगर और ग्रामीण अंचलों के नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं पत्रकार साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह सहयोग केवल आर्थिक नहीं, बल्कि एक मासूम जीवन को बचाने के लिए समाज की सामूहिक संवेदना का प्रतीक बना। सब्जी मंडी, बदनावर ने 210053, बदनावर नगरवासी 200000, ग्राम कानवन 46800, नव्या ट्रेडर्स 40000, ग्राम गाजनोद 30000, ग्राम नागदा 25000, भारतीय पत्रकार संघ एवं स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर द्वारा 22000, नगर परिषद पार्षद (एक माह का वेतन दान) 21000, सरदार पटेल युवा संगठन, बिड़वाल 21000 सहित नगर की जनता ने दिल खोलकर अनिका का सहयोग किया।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र की जनता ने घर-घर जाकर सहयोग एकत्रित किया। अनेक नागरिकों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार राशि भेंट कर इस अभियान को सफल बनाया। जन सहयोग यात्रा को सफल बनाने में संदीप भगत पाटीदार, विनोद सिंह पंवार, नंदकिशोर प्रजापत, अशोक पटेल, सुमित पंवार, कृष्णा पंवार, लक्षद्वीप बैरागी, धर्मेंद्र अग्निहोत्री, विनय पाटीदार, राकेश सिंह सोलंकी, डॉ. गोपालसिंह ठाकुर, मनोज सोमानी, गिरिराज पाटीदार, संस्था संयम, राम राठौड़, प्रजेंद्र भट्ट, मुकुंद पटेल, दीपक श्रीवास्तव, अश्विन पाटीदार, दीपक गुर्जर, संतोष राउ, सईद शाह, जसवंत वसुनिया, अल-मदाद फाउंडेशन, शहीद शाह सहित सब्जी मंडी के समस्त व्यापारियों का विशेष योगदान रहा।

धर्म-जाति से ऊपर उठकर इंसानियत की मिसाल- इस जन सहयोग यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर सभी ने सिर्फ इंसान बनकर सहयोग किया। यह राशि अनिका के उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और साथ ही यह संदेश भी कि जब बात जीवन की हो, तो बदनावर हमेशा एकजुट होकर खड़ा होता है।

# बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था ने ब्लड बैंक मे लोटाई रौनक



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संथा को ब्लड बैंक अधिकारी रतलाम द्वारा जानकारी मिली कि ब्लड बैंक मे सिर्फ एक यूनिट रक्त बचा है जिसके कारण ब्लड बैंक अधिकारी कि चिंता बढ़ गयी है संस्था ने तत्काल रक्तदान शिविर का आयोजन हनुमन्तिया मे किया गया और जगह जगह फोन करके रक्तदाताओं को बुलाया गया , आकस्मिक समस्या कि जानकरी दी गयी संस्था के रक्तदाता विपरीत परिस्थिति मे हमेशा तैयार रहते है और मानव जीवन बचाने के लिए एक सच्चे योद्धा कि भूमिका निभाते है। रक्तदान शिविर का तत्काल निर्णय लिया गया और कुल 23 यूनिट रक्तदान करके संस्था के रक्तदाताओं ने ब्लड बैंक रतलाम कि टीम के चेहरे से गायब रौनक लोटाई है, ब्लड बैंक अधिकारियो ने संस्था का आभार व्यक्त किया। संस्था के सदस्य और संस्थापक को कई बार यह कहते हुवे सुना था कि खुशी के कार्यक्रम मे हमें याद मत करना किन्तु मुसीबत मे जरूर याद करना और आज संस्था के सभी साथियो तत्काल रक्तदान शिविर का आयोजन करके यह दिखा भी दिया। संस्था के संस्थापक प्रवीण व्यास ने हनुमंतीया शाखा के सदस्यों और बाहर से आये रक्तदाताओं को आभार व्यक्त किया और सभी रक्तदाताओं कि प्रशंसा भी कि क्योंकि संस्था के सदस्यों मे तत्काल रक्त कि व्यवस्था करने का जोश कभी खत्म नहीं हो सकता।

# शेखावत ने किया राम सिर्वी को विधायक प्रतिनिधी नियुक्त



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता राम सिर्वी को विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कृषि विभाग में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। सिर्वी जैसे जमिनी कार्यकर्ता को प्रतिनिधि बनाकर शेखावत ने यह साबित कर दिया की जो पार्टी के लिए समर्पित होगा उसे सम्मानजनक पद मिलेगा। सिर्वी का अपना एक अलग अंदाज है, जिसके मुरीद कांग्रेस ही नहीं भाजपा के भी कई दिग्गज बड़ी संख्या में है। सिर्वी की नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्त्ता और कई शुभचिंतको ने सिर्वी को बधाई दी। कृषि विभाग जैसे बड़े विभाग का प्रतिनिधि बनने से किसानो को राम सिर्वी से बड़ी उम्मीद रहेगी।

# श्रीमद्भागवत कथा पांडाल में 21 कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** परमात्मा जब कृपा करते है तब आप कथा पांडाल में आ पाते है और जब परमात्मा की अति कृपा रहती है तभी आप श्रीमदभागवत कथा का श्रवण कर पाते है रात में सोने के बाद आप उठ पाए तो समझ लेना आप पर प्रभु की असीम कृपा है, आपको प्रभु को धन्यवाद करना चाहिए की प्रभु ने आपको नये सूरज के दर्शन कराये, जब कोई साथ नहीं देता तब ईश्वर ही आपका साथ देते है, लगातार कथा का श्रवण करने से श्री हरी की प्राप्ति होती है काम करते चलो ध्यान धरते चलो गोविन्द का नाम जपते रहो,

यह बात नया बसस्टेंड स्थित मैदान श्रीमद्भागवत कथा समिति द्वारा श्रीमद्भागवत कथा समिति द्वारा सुप्रसिद्ध अन्तराष्ट्रीय कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य श्रीगोरांगी गौरी जी महाराज के मुखारबिंद से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही गुरुवार को कथा में भगवान् श्रीकृष्ण संग गोपियों की रासलीला के बड़े ही मार्मिक संवादों ने पांडाल में मोजूद श्रवंणर्ताओ के आखो को नम कर दिया बड़े ही भावविभोर पल में रासलीला का संवाद बताया गया द्व प्रभु श्री कृष्ण की रासलीला, कंस वध के साथ श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का नाट्य रूपांतरण कर चित्रण के किया तथा नगर एवं क्षेत्र की 21 निर्धन परिवार कन्याओं का निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन भी पांडाल में संपन्न हुवा द्य विवाह समारोह में कथा समिति के सदस्य मेहमान और मेजमान दोनों और से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया पांडाल में सफ़ेद कुरते और गहरे लाल रंग के कपडे पहने सेकड़ो कार्यकर्ता बाराती एवं घराती बने तथा श्री कृष्ण बारात का श्रीकृष्णजी की बारात का लाभ रामचंद्र जी गणपत जी सुनेरी परिवार सहित सेकड़ो की संख्या मे परिवार के साथ पांडाल में पहुचे, स्थानीय कार्तिक चौक से एक साथ 21 दूल्हो की बारात निकाली गई माताजी मंदिर चौराहे पर कथा समिति अतिथि सत्कार विवाह प्रभारी अश्विन मारू द्वारा स्वागत सत्कार करने के उपरान्त धूमधाम से बरात का पांडाल में आगमन हुवा, रुक्मणी विवाह के लाभार्थी रामसिंह जी सिद्धू जी सोलंकी परिवार का लाभ लिया, रुक्मणी विवाह उपरान्त कथा के मंच पर 21 दुला दुल्हन की जयमाला हुई द्य

इनका रहा विशेष योगदान

कथा में 21 निर्धन कन्याओं का निशुल्क विवाह कराने में सहर्ष जजमान श्री प्रभु दयाल जी अग्रवाल परिवार इंदौर, पाटीदार परिवार श्री सांवरिया माइंस, महू इंदौर, श्री अश्विन कुमार सतीश कुमार मारू, श्री सचिन प्रकाशचंद जी पाटनी परिवार उन्हेल है

# बम एव जैन का हुआ स्वागत अभिनंदन



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन सोशल ग्रुप नागदा के पूर्व अध्यक्ष श्रेणिक बम को द्धह्यद्द मध्य प्रदेश रीजन में महत्वपूर्ण पद संस्कार निर्माण कमेटी कन्वीनर पद का दायित्व मिला एवं द्धह्यद्द नागदा के खेलमंत्री अंकुर जैन को भारतीय जैन संगठना के अध्यक्ष पद का दायित्व मिला इस अवसर पर नवकार हैप्पी बर्थ डे ग्रुप के* मित्रों द्वारा बम एव जैन का स्वागत अभिनंदन किया गया। उपरोक्त अभिन्नदन स्वागत कार्यकर्म बुधवार रात्री 9 बजे अमित बम परिवार द्वारा निवास स्थान पर शाल, माला एव राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मान करा एव शुभकामनाए दी वही दुसरी और सुनिल जैन के निवास स्थान पर भी आशीष पोखरना के नेतृत्व मे जेन का स्वागत सम्मान हुआ।

यह रहे उपस्थित - राजेश सकलेचा, शरद जैन, मनीष चपलोत, धर्मेन्द्र बम, अमित बम, दिपक गांग, मनोज गांग, राकेश ओरा, सन्तोष नाहटा, रवि संधवी, प्रकाश चपलोत, आशीष पोखरना, विभा बम, काव्या बम,युग बम उपस्थित थे।

# शनिवार को भगवान विश्वकर्मा जी का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पिपलेश्वर मंदिर चौराहा व राधा कृष्ण मंदिर के ऊपरी सतह पर भगवान विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री जांगिड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विश्वकर्मा जयंती 31 जनवरी शनिवार को है। नगर के साथ ही आसपास क्षेत्र में भी निमंत्रण कार्ड बांटे गए हैं। इस दिन मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रातः सुबह 9 बजे भगवान का अभिषेक कर कथा प्रारंभ की जायेगी। प्रातः 11ः00 बजे बैंड बाजे के साथ भगवान विश्वकर्मा जी की राजशाही सवारी निकाली जाएगी। राजशाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस पिपलेश्वर मंदिर चौराहे स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी जहां पर भगवान की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। विश्वकर्मा मंदिर पर आकर्षक लाइट डेकोरेशन के साथ ही हार फूलों की माला से मंदिर पर सजावट भी की गई है। दोपहर 3ः00 बजे समाजजनों की भोजन प्रसादी मालीपुरा स्थित माली धर्मशाला पर रखी गई है। समाज के अध्यक्ष अखिलेश शर्मा,उपाध्यक्ष निलेश जलानिया, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा सिल्लक, सचिव देवेंद्र लूंजा ने नगर के साथ ही आसपास क्षेत्र के सभी समाजजनों से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेवे।

# जोन स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण पर केंद्रित प्रदर्शनी का समापन



**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) द्वारा आयोजित की गई दो दिवसीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आज संपन्न हुई। प्रदर्शनी में जबलपुर संभाग के जिलों से चयनित 169 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान एवं गणित आदि विषयों पर विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी का समापन पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ राम मोहन तिवारी के मुख्य आतिथ्य में माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने जोन स्तर तक पहुंचने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों के आत्मविश्वास, प्रतिभा, कौशल प्रदर्शन को बढ़ावा मिलता है और स्वयं करके सीखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। ऐसे आयोजन विषय की कठिनता, नीरसता, रटने की प्रवृत्ति को दूर कर शिक्षण को रोचक, प्रभावी, क्रियाशील एवं व्यवहारिक बनाते है। प्रदर्शनी के दूसरे और समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षित भारत-विकसित भारत, वृद्ध माता-पिता की सेवा, बाल श्रम एक अभिशाप, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पेड़ बचाओ-पेड़ लगाओ, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, धरती मां करे पुकार रसायनों का न करें उपयोग आदि पर आधारित लघु नाटिका का प्रस्तुतीकरण भी किया। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि उप संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ पी पी सिंह, डाईट प्राचार्य अजय दुबे आदी।

# जिले मे कैरियर मेले का आयोजन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांदीपनि विद्यालय बदनावर में पांच दिवसीय करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है . दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले 5 दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को व्यावसायिक कोर्स के बारे में जानकारी के साथ विभिन्न रोजगार के बारे में जानकारी, स्थानीय स्तर पर स्थित उद्योगों की जानकारी दी जाकर उन उद्योगों के प्रबंधक मैनेजर आदि को आमंत्रित किया जाकर विद्यार्थियों को उन उद्योगों की जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद वह अपने उत्कृष्ट करियर के लिए अपनी हॉबी के अनुसार कोर्स का चयन कर सके प्रथम दिवस विद्यार्थियों को यश कॉलेज से डॉक्टर मनीष भारद्वाज एवं पारुल चौहान योगिता श्रीवास्तव एवं आनंद शर्मा प्राध्यापक गण पधारे जिन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख ने सभी का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को करियर मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान भी किया।

करियर प्रभारी प्रदीप पांडेय् एवं श्रीमती आरती उपाध्याय ने जानकारी दे रहे है। शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इसमें सहभागिता की। विद्यार्थियों को राज्य से प्राप्त विभिन्न डोमेन कार्ड एवं चार्ट्स के माध्यम से भी करियर के बारे में अवगत कराया जा रहा है। आगामी समय में उद्योगों के प्रबंधक और डायरेक्टर को भी आमंत्रित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। आज कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों को लोक सेवा आयोग में किन-किन पदों के लिए चयन उनकी तैयारी किस प्रकार की जाती है बताया गया जिसमें यूपीएससी, पीएससी, एनडीए स्टेट सर्विस आदि की जानकारी , उच्च शिक्षा के अवसर, विश्वविद्यालय छात्रवृतियों, की भी जानकारी उन्हें आज प्रदान की गई।

# धर्मपत्नी की स्मृति में ओझा ने दिया 3 लाख का दान

## देशभक्ति थीम आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों ने समा बांधा



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि पर देशभक्ति थीम आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों ने समा बांधा बच्चों की प्रस्तुतियों से भाव विभोर हुये दर्शक सुंदर प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता सतीश चंद्र ओझा ने विद्यालय परिसर में निर्मित होने वाली शिशुवाटिका हेतु 3 लाख रुपये की सहयोग राशि अपनी धर्मपत्नी की स्मृति मे देने की घोषणा की कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव आशीष शुक्ला, उप प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा मंचासीन थे मुख्यवक्ता सतीश चंद्र ओझा ने उपस्थित जनों के सम्मुख अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम संकल्प ले कि हम सशक्त बने स्वावलंबी बने एवं यातायात के नियमों का पालन करें समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा ने भैया बहनों को पढ़ाई पर ध्यान देने का आग्रह किया एवं उनके आगामी परीक्षाओं में अच्छे अंक के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति आधारित थीम पर हिन्दी अंग्रेजी संस्कृत भाषा मे भाषण व गीतों की प्रस्तुती एवं जहां डाल डाल पर सोने की चिड़ियाँ करती हे बसेरा, बंदे मे है दम, ए मेरे वतन के लोगों गीतों पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियाँ दे कर सभी का मन मोह लिया अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर खेल के क्षेत्र मे उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और प्रमान पत्र दे कर पुरस्कृत किया गया विद्यालय स्थर पर विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगियाओं मे प्रथम द्वितीय स्थान वाले विद्यार्थियों को भी प्रतिक चीन्ह प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया इस दोरान समिति के पदाधिकारी सदस्य सतीश गहलोत, शांतिलाल गोयल, सत्यनारायण पांचाल, चेतन पुरी जी गोस्वामी, सांवरिया शर्मा, अभिभावक गण, पाली प्रमुख अनिल चौहान, हिम्मत सिंह सिसोदिया, शिशु विभाग प्रमुख श्रीमति कविता मकवाना, सह पाली प्रमुख मुकेश प्रजापत, श्रीमति नीलम शर्मा एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित था कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रचलन कर किया गया सरस्वती वंदना दीपमाला पाटीदार एवं अंतिमबाला शर्मा, अतिथि परिचय हिम्मत सिंह सिसोदिया, स्वागत पल्लवी मुकाती तथा नेहा गोस्वामी, संचालन हर्षित शर्मा तथा पंकज पांडे, आभार उप प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा ने माना उक्त जानकारी योगेश जोशी आचार्य द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने इछावर तहसील कार्यालय एवं रेवेन्यू कोर्ट का किया निरीक्षण



**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने इछावर तहसील कार्यालय एवं रेवेन्यू कोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कार्य प्रगति और राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ से चर्चा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समय-सीमा में करते हुए उसकी जानकारी संबंधित हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए।

तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर ने रिकॉर्ड संधारण को व्यवस्थित रखने, ई-ऑफिस एवं ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने, आवेदकों से नैतिक व्यवहार सुनिश्चित करने तथा कार्यालय परिसर में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि प्रशासन पर आमजन का विश्वास और मजबूत हो सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी तहसीलदार श्री गजेंद्र लोधी, नायब तहसीलदार श्री दुर्गेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक किसान उनसे जुड़ें - कलेक्टर



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में संचालित सहकारी गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी संस्थाओं के पंजीयन, पुनर्गठन, निष्क्रिय संस्थाओं पर की जा रही कार्रवाई तथा सदस्यों के बैंक खाते खोलने की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक किसान उनसे जुड़ें।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में पूर्व में 108 बी-पैक्स पंजीकृत थीं, जबकि वर्तमान में 27 नई बी-पैक्स के पंजीयन के साथ इनकी संख्या बढ़कर 135 हो गई है। भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत डाटा माइग्रेशन की प्रक्रिया अभी स्पष्ट न होने तथा एन.एल.पी. एस.वी.पोर्टल पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण नई पैक्स संस्थाओं के पंजीयन एवं पुनर्गठन की कार्यवाही आगामी निर्देश प्राप्त होने तक स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

# धाकड़ समाज के 10 गांव के किसानों ने जनहित व किसान हितैषी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** धाकड़ समाज के 10 गांव (गैर राजनीतिक संगठन) के किसानों एवं नागरिकों द्वारा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम एक ज्ञापन प्रस्तुत कर क्षेत्र की गंभीर जनहित एवं किसान हितैषी समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया।

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई, बिजली, खाद, सड़क एवं सुरक्षा जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर भी सरकार से ठोस निर्णय की मांग की गई है।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि किसानों के आराध्य देव भगवान बलराम जी के प्रतीक चिन्ह हल की स्थापना बड़नगर कोर्ट के समीप चौराहे पर की जाए, जिससे किसानों की आस्था एवं सम्मान को उचित स्थान मिल सके।

साथ ही नर्मदा सिंचाई योजना अंतर्गत ग्राम काछीबड़ौदा (धार) की लाइन का विस्तार कर रुनिजा- भाटपचलाना, पिटलावदिया-जस्साखेड़ी क्षेत्र को सिंचाई सुविधा से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त देपालपुर सिंचाई परियोजना का विस्तार कर फतेहपुर बंगरेड़ क्षेत्र तक जल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

किसानों ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे घोड़ा रोज एवं जंगली सुअर की समस्या को गंभीर बताते हुए इन्हें पकड़कर अभ्यारण्य में छोड़े जाने की मांग की, ताकि दुर्घटनाओं एवं फसल क्षति पर रोक लग सके।

ज्ञापन में वर्तमान में दी जा रही 9 घंटे की बिजली आपूर्ति (कटौती सहित) को बढ़ाकर पूरे 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खाद की लगातार बनी समस्या का स्थायी समाधान करने तथा किसानों की सुविधा हेतु खेत सड़क योजना को पुनः प्रारंभ करने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने तथा देश में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर कठोर कानून लागू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

धाकड़ समाज 10 गांव क्षेत्र को तहसीलदार रुपाली जैन ने आश्वासन दिया कि इन सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर किसानों एवं आम जनता को राहत प्रदान की जाएगी।

# अतिवृष्टि और तेज हवाओं से फसलों को भारी नुकसान

## पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुराखेड़ी, मनियावदा, मतागना, बमनापाती, रूपाहेड़ा और सिकंदरखेड़ा में पिछले दिनों हुई अत्यधिक वर्षा और तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसलों के हुए व्यापक नुकसान का जायजा लेने के लिए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने प्रभावित गांवों का सघन दौरा किया और खेतों में जाकर स्थिति का निरीक्षण किया।

किसानों की स्थिति अत्यंत गंभीर- निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक मोरवाल ने गोपालसिंह और मेहरबान सिंह सहित कई किसानों के खेतों में जाकर नष्ट हुई फसलों को देखा। किसानों का दर्द साझा करते हुए मोरवाल ने कहा, ÷खेतों के हालात देखकर मन अत्यंत विचलित है। किसान आज आत्महत्या जैसी आत्मघाती स्थिति में पहुँच गया है। कड़ी मेहनत से उगाई गई फसलें बर्बाद होने से अन्नदाता पूरी तरह टूट चुका है।

प्रशासन से मुआवजे की मांग- किसानों की इस बदहाली को देखते हुए पूर्व विधायक ने तत्काल स्ङरू महोदय से चर्चा की। उन्होंने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का अविलंब सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को शासन की ओर से उचित और तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें इस आर्थिक संकट से उबारा जा सके।

कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ- मोरवाल ने किसानों को ढांढस बंधाते हुए विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान भाइयों के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनके हक की लड़ाई सड़क से लेकर प्रशासन तक लड़ी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित जन - इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व इंगोरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, पप्पू पटेल, सेवादल अध्यक्ष जगदीश राठौड़, जितेन्द्र विश्वकर्मा, नवीन दुबे वनीशराज कटारिया, पूर्व पार्षद चाँद खां, घनश्याम बाग़वान, इंदरसिंह पटेल, जीवन पटेल, आरामसिंह पंवार कमल सिंह, अर्जुन सिंह, बनेसिंह, चरणसिंह, ओम पोरवाल, मेहरबान सिंह, कुलदीप सिंह, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकल्प से समाधान अभियान :- जिले में अभी तक 18 हजार 870 आवेदन प्राप्त

**जबलपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के पहले चरण में घर-घर संपर्क के दौरान नागरिकों से अभी तक केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित 18 हजार 870 आवेदन प्राप्त हुये हैं और इनमें से 12 हजार 334 का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत प्रकरणों में स्वीकृत आवेदनों की संख्या 12 हजार 290 एवं अस्वीकृत किये गये आवेदनों की संख्या 44 है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने प्रदेश भर में स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। चार चरणों के इस अभियान में नागरिकों को 106 विभागों से जुड़ी सेवाओं और योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। इसके लिये पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। अभियान के 12 जनवरी से 15 फरवरी तक के पहले चरण में नागरिकों से केंद्र और राज्य शासन की सेवाओं एवं योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त करने ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर दलों का गठन किया गया है। ये दल घर-घर जाकर या शिविर लगाकर आवेदन एवं शिकायत प्राप्त कर रहे हैं। नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के बाद आवेदनों और शिकायतों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को भेजा जा रहा है और निराकरण की स्थिति भी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। इसके लिये क्लस्टर स्तर पर नोडल अधिकारियों को नियुक्ति की गई है। संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में अनिराकृत प्रकरणों का निराकरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलाये जाने वाले दूसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर किया जायेगा।

# सेवा कार्यो से होगी श्री धाकड के जन्म दिन की शुरुवात



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ सेवा कार्य करके अपने जन्म दिन को सार्थक करेगे मनीष धाकड ने बताया कि श्री धाकड का जन्म दिन 30 जनवरी को है इस शुभ अवसर पर परिवार एव इस्ट मित्रो सहित गोपाल गौशाला में सुबह 8:30 बजे गोमाता की पुजा करके गोमाता को स्वामी वात्सल्य कराया जायेगा एव 11:30 बजे अन्न क्षेत्र मे दरिद्र नारायणो को भोजन प्रसादी कराकर सेवा का कार्य किया जाएगा वही दुसरी और श्री धाकड प्रात दादा गुस्देव के दशर्न एव विराजीत साधुजी साध्वी जी के दशर्न एव मांगलिक श्रवण करके आगे के सेवा कार्य करेगे श्री धाकड के जन्म दिन को लेकर इस्ट मित्रो मे काफी हर्ष एव उत्साह का वातावरण है जोर शोर से जन्म दिन मनाने की तैयारी भी चल रही है।

# सिंचाई व्यवस्थाओं की हकीकत जानने मैदान में उतरे सचिन यादव

## विधायक सचिन यादव ने नर्मदा घाटी की माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बलकवाड़ा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं की स्थिति एवं किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने गुरूवार 29 जनवरी को नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना बलकवाड़ा, पंप हाउस बाल्यापुर, खेड़ी तालाब अघावन तथा अपर जमला तालाब (खेड़ी) का निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी, तकनीकी अमला, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। पंप हाउस की कार्यप्रणाली की समीक्षा निरीक्षण के दौरान पंप हाउस बाल्यापुर की मशीनरी, विद्युत आपूर्ति, संचालन व्यवस्था एवं जल वितरण क्षमता की जानकारी ली गई। किसानों ने बताया कि कई बार समय पर पानी नहीं मिलने से फसलों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस पर विधायक सचिन यादव ने अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट करने को कहा और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

तालाबों की स्थिति पर चर्चा खेड़ी तालाब अघावन एवं अपर जमला तालाब (खेड़ी) के निरीक्षण के दौरान जल संग्रहण, नहरों की स्थिति तथा रख-रखाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने तालाबों की सफाई, गाद निकासी एवं नहर मरम्मत की आवश्यकता बताई। श्री यादव ने कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसानों के हितों के विपरीत है। अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश निरीक्षण बैठक में सचिन यादव जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंप हाउस एवं तालाबों का नियमित निरीक्षण किया जाए। तकनीकी खामियों को प्राथमिकता से दूर किया जाए। किसानों की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई व्यवस्था में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखी जाए विधायक सचिन यादव ने कहा कि क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था सिंचाई पर निर्भर है। किसानों को पर्याप्त और समय पर पानी मिले, यह सुनिश्चित करना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है।


उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा। निरीक्षण से किसानों में संतोष और उम्मीद का माहौल बना। ग्रामीणों ने अपेक्षा जताई कि निरीक्षण के बाद सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और आने वाले समय में कृषि उत्पादन को मजबूती मिलेगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# आईटी/आईटीईएस एवं ब्यूटी वैलनेस के विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक क्षैत्रों का भ्रमण



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यायल खण्डवा, जिला सीहोर के प्राचार्य हरिवंश पाठक, प्रभारी श्रीमती निमिषा पाराशर, नोडल अधिकारी वोकेशनल श्रीमती सुषमा जैन, आई.टी. शिक्षिका श्रीमती ज्योति मालवीय एवं ब्यूटी वैलनेस शिक्षिका सुश्री अंशु मर्थोलिया द्वारा दिनांक 20 व 21 जनवरी 2026 को खंडवा हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा 9 वीं और 11वीं के आईटी/आईटीईएस एवं ब्यूटी वैलनेस के सभी छात्रों को औद्योगिक भ्रमण हेतु श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी एवं निक्की बाबा मेकअप स्टूडियों में ले जाया गया। जहाँ छात्र व छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया और उन्हें विषय संबन्धित प्रायोगिक जानकारी प्रदान की गई तथा बच्चे व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से आगे क्या कर सकते हैं और स्कूल में लिया गया यह व्यावसायिक विषय भविष्य में केसे फ़ायदेमंद साबित हो सकता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। पूर्व में भी सितंबर और दिसंबर माह में भी दो औद्योगिक भ्रमण संपन्न करवाया जा चुका है।

# चिंता न करें बारिश ओला वृष्टि से पीड़ित, किसानों को दिलाऐंगे पर्याप्त मुआवजा-राय



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हाल ही में हुई बारिश ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को लेकर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रभावति किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जल्दी ही खराब हुई फसलो का सर्वे कराया जाकर पीड़ित किसानों को पर्याप्त मुआवजा और बीमा राशि दिलाई जाएगी। विधानसभा क्षेत्र के चाँदबड़ जागीर, मगरखुर्द, दुर्गाव, मगरदी कला, गवा, महुआखेड़ा वनखेड़ा, पडिया बैरागढ़ खुमान, दोराहा, खजुरिया, मुख्यातार नगर, रावतखेड़ा, रावत खेड़ी, छापरी, सुआखेड़ी, मगरखेड़ा के किसानों की गेंहू और चने की फसल को बारिश ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। किसान हितैशी विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर बालागुरू के को अतिशीघ्र सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा राशि एवं बीमा राशि दिए जाने के लिए पत्र लिखा है। जल्दी ही क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम खेतों में पहुंचकर सर्वे करेंगी।

# शासकीय विद्यालय खण्डवा में पाँच दिवसीय केरियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को दिये जा रहे हैं महत्वपूर्ण टिप्स



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खण्डवा में पांच दिवसीय 27 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे दिन टेलीविजन पर प्रसारण दिखाया गया एवं उपस्थित शिक्षकों के द्वारा विषय और केरियर के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चों को दिलवाई गई। साथ ही प्रथम और द्वितीय दिवस ऑनलाइन केरियर काउंसलिंग के दौरान स्थित ग्राम के एक सफल उद्यमी लखन वर्मा जिन्होने एक छोटा सा रोजगार गोबर की खाद जैविक खाद अस्थाई दीवार पोल पोधों की फेंसिंग से शुरू किया गया जो कि आज विदेशों में भी अपना उत्पाद बेच रहे है। उनके द्वारा विद्यार्थियों को बिजनेस के नए-नए आइडियों के बारे में बताया गया और कई टिप्स प्रदान किये गये।

# थाना बड़वाह एवं थाना चैनपुर थाना पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करी के विरुद्ध की कार्यवाही

## थाना बड़वाह एवं थाना चैनपुर पर की गई कार्यवाही, पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध




**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के आदेशानुसार अवैध गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशो के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) श्री बिट्टू सहगल व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बड़वाह एवं थाना चैनपुर पर अवैध गौवंश तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण - थाना बड़वाह दिनांक 27.01.26 को थाना बड़वाह पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि,पिकअप वाहन क्रमांक MH20GC 5405 से क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश का परिवहन किया जा रहा है और थोड़ी देर के बाद उक्त पिकअप वाहन काटकूट फाटा से होकर गुजरने वाला है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बड़वाह निरीक्षक श्री बलराम सिंह राठौड नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सूचना से अवगत करवा कर नाकाबंदी करने हेतु रवाना किया।

पुलिस टीम के द्वारा काटकूट फाटा रोड से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई, थोड़ी देर बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक MH20GC5405 आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। रोके गए पिकअप वाहन में 03 व्यक्ति बैठे मिले जिनसे उनका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आकाश पिता अमाबाजी हरडकाड़ उम्र 24 वर्ष ग्राम पिछौर थाना पिछोर कन्नड़ सफेपुर जिला ओरंगाबाद महाराष्ट्र, निखिल पिता बिट्ठल मुकासे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पिछोर तालुका कन्नड़ शफेपुर जिला ओरंगाबाद महाराष्ट्र एवं प्रतीक पिता बलवार जाट उम्र 33 ,साल निवासी जाट मोहल्ला बडवाह का होना बताया।

पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक MH20GC5405 को चेक करने पर उसमे क्रूरतापूर्वक 04 गौवंश भरे होना पाए गए। जिनके परिवहन के संबंध में दस्तावेज या लाइसेंस का पूछने पर दोनों ने कोई दस्तावेज या लाइसेंस नहीं होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन MH20GC5405 को जप्त कर आरोपी नाम आकाश पिता अमाबाजी हरडकाड़ उम्र 24 वर्ष ग्राम पिछौर थाना पिछोर कन्नड़ सफेपुर जिला ओरंगाबाद महाराष्ट्र, निखिल पिता बिट्ठल मुकासे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पिछोर तालुका कन्नड़ शफेपुर जिला ओरंगाबाद महाराष्ट्र एवं प्रतीक पिता बलवार जाट उम्र 33 ,साल निवासी जाट मोहल्ला बडवाह के विरुद्ध थाना बड़वाह पर अपराध क्रमांक 50/26 धारा 4, 6, 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11(1) (घ) पशु क्ररता निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं गौवंश को मुक्त कराया गया है।

जप्तशुदा मशरुका- थाना बड़वाह- 1.04 गौवंश कीमती लगभग 1,00,000/- रुपये

2. क्रूरतापूर्वक गौवंश के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन MH20GC5405 कीमती लगभग 5,00,000/- रुपये

घटना का संक्षिप्त विवरण - थाना चैनपुर,, दिनांक 27.01.26 को थाना चैनपुर पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, पिकअप वाहन क्रमांक MP10G2780 से क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश का परिवहन किया जा रहा है और थोड़ी देर के बाद उक्त पिकअप वाहन चित्तोडगढ भुसावल मार्ग मुंडिया फाटा से होकर गुजरने वाला है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक श्री गहलोद सेमलिया नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सूचना से अवगत करवा कर नाकाबंदी करने हेतु रवाना किया। पुलिस टीम के द्वारा मुंडिया फाटा पहुँच कर वहाँ गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई, थोड़ी देर बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक MP10G2780आता दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देख कर मौके पर पिकअप वाहन क्रमांक MP10G2780 को छोड़ कर भाग गया ।पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक MP10G2780 को चेक करने पर उसमे क्रूरतापूर्वक 05 गौवंश भरे होना पाए गए । पुलिस टीम के द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक MP10G2780 को जप्त कर पिकअप चालक के विरुद्ध थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 36/26 धारा धारा 4, 6, 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11(1) (घ) पशु क्ररता निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं गौवंश को मुक्त कराया गया है। जप्तशुदा मशरुकाङ्क थाना बड़वाह। 1.05 गौवंश (बैल) कीमती लगभग 1,00,000/- रुपये 2.क्रूरतापूर्वक गौवंश के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन MP10G2780 कीमती लगभग 5,00,000/- रुपये अंजु त्रिवेदी मालवा हेराल्ड खरगोन

# सात उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने अमानक उर्वरक का विक्रय करने पर जिले के छह उर्वरक विक्रेताओं के तथा शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरक का विक्रय करने पर एक उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित कर दिये है। अमानक उर्वरक का विक्रय करने पर जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किये गये हैं, उनमें मेसर्स जयसवाल कृषि केन्द्र सुकरी, मेसर्स पटेल कृषि केन्द्र धनगवां मझौली, मेसर्स राहुल ट्रेडिंग कंपनी खितौला सिहोरा, मेसर्स दीपक कृषि केन्द्र तलाड मझौली, श्रीराम कृषि केन्द्र पोंडा मझौली एवं मेसर्स श्री नर्मदा डिस्ट्रीब्यूटर्स पाटन शामिल हैं। इसी प्रकार अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय करने पर मेसर्स मैथली एग्रो ट्रेडर्स उमरिया पनागर का लायसेंस भी निलंबित कर दिया गया है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ एस के निगम ने बताया कि लायसेंस निलंबित करने के साथ ही इन सभी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किये गये हैं और उन्हें सात दिन के भीतर जबाब देने के निर्देश दिये गये हैं।

# परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित

## जिला पंचायत सीईओ ने परीक्षा केंद्रों के कलेक्टर प्रतिनिधियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 10 फरवरी से प्रारंभ होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में निर्धारित किए गए 101 परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षित वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा परीक्षार्थियों को शांत और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ के साथ सतत समन्वय बनाए रखा जाए, उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिका संधारण एवं सीलिंग की प्रक्रिया का नियमानुसार पालन किया जाए तथा परीक्षा समाप्ति उपरांत आवश्यक प्रतिवेदन समय-सीमा में प्रस्तुत किया जाए। सीईओ श्रीमती यादव ने कलेक्टर प्रतिनिधियों से कहा कि वे परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या या आपात स्थिति की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दें और शासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में बोर्ड परीक्षाओं का शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन हो सके।

प्रशिक्षण के दौरान ई गवर्नेंस जिला प्रबंधक श्री गौरव बंसल द्वारा सभी प्रतिनिधियों को ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन, सेल्फी अपलोड तथा अन्य गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में कुल 101 कलेक्टर प्रतिनिधियों एवं 50 रिजर्व कलेक्टर प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ज्ञानेश खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 1 फरवरी रविवार को खरगोन में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव में होगा पत्रकारों का विशाल जमावड़ा

## पत्रकार जगत के हितार्थ उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य में विशेष राहत एआईजे की पहल पर घोषित होगी




**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश,खरगोन, भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के तत्वावधान में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सवङ्क2026 पत्रकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तर दायित्व के समन्वय का एक ऐतिहासिक एवं गरिमामय आयोजन बनने जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का महोत्सव 1 फरवरी 2026, रविवार को अभ्युदय यूनिवर्सिटी कैंपस, खरगोन में प्रातः 11꞊30 बजे से आयोजित होगा। भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री* ने बताया कि इस भव्य आयोजन में अयोध्या से पधार रहे त्रिकालदर्शी श्री रामलला सरकार महाराज जी का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा, जिससे कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा और राष्ट्रीय चेतना का विशेष आयाम मिलेगा। कार्यक्रम में डिजियाना न्यूज़ के एडिटर-इन-चीफ़ प्रतीक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, नव भारत समूह के संपादक क्रांति चतुर्वेदी मुख्य संरक्षक, आयोजन का शुभारंभ खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन करेंगे। जहां विशिष्ट अतिथियों में भगवानपुरा विधायक केदार डावर, मनावर विधायक हीरालाल अलावा, जी न्यूज़ संवाददाता पुष्पेंद्र वैद्य (मुख्य वक्ता), अभ्युदय यूनिवर्सिटी के कुलपति विक्रम सिंह पटेल, खरगोन के पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी शामिल होंगे। महिला नेतृत्व के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनु तंवर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी की गरिमा मयी उपस्थिति रहेगी।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र से एसएमएस हॉस्पिटल की चीफ ऑपरेशनल ऑफिसर डॉ सुश्री एकता मोदी एवं एसएमएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मृदंग भावसार विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मीडिया जगत से दैनिक सुबह-सवेरे के संपादक हेमंत पाल, साधना न्यूज़ चैनल के एडिटर-इन-चीफ सुरेश पटेल, अनादी टीवी की सीनियर न्यूज़ एंकर सुश्री पायल केशवानी तथा पद्मश्री अलंकृत वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशीला कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के प्रमुख संरक्षक के रूप में मिलेनियम इन्फ्रा के डायरेक्टर उमेश पंवार उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम का संयोजन आमिर शेख़, श्याम कुशवाह एवं रणजीत ठाकुर तथा टिम एआईजे खरगोन के पदाधिकारी कर रहे हैं।

इस महोत्सव की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अभ्युदय यूनिवर्सिटी खरगोन, पारुल यूनिवर्सिटी गोवा, एसएमएस हॉस्पिटल अहमदाबाद, संकुश कैंसर हॉस्पिटल रतलाम के द्वारा विशेष सुविधाएं पत्रकार जगत के हितार्थ एआईजे की विशेष पहल पर घोषित की जाएगी। जिसके अंतर्गत पत्रकारों एवं उनके परिजनों को उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययन तथा अस्पताल में उपचार पर विशेष छूट एवं विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे पत्रकार जगत को स्थायी एवं व्यावहारिक लाभ मिलेगा। आयोजन के दौरान देशभर से आए सभी पत्रकारों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा, जो उनके सामाजिक योगदान, निष्पक्ष पत्रकारिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान होगा। इसके साथ ही पत्रकार कल्याण, मीडिया की भूमिका और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर सार्थक विमर्श भी होगा। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव न केवल पत्रकारिता के सम्मान का मंच बनेगा, बल्कि पत्रकारों के भविष्य, स्वास्थ्य और शिक्षा सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यह कार्यक्रम पत्रकारिता की गरिमा, एकता और सामाजिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाकाल क्षेत्र में सुबह जब प्रदूषण नापा तो तीन गुना अधिक बढ़ा मिला

## शहर के अन्य क्षेत्रों में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 159 के पार



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार के बावजूद आज सुबह से महाकाल क्षेत्र में बाहर से आए लोगों की भीड़ नजर आ रही थी। इस बीच महाकाल क्षेत्र में आज सुबह से ही वायु प्रदूषण बढ़ गया था और वायु गुणवत्ता का सूचकांक सुबह 10 बजे तक 159 एक्यूआई तक पहुंच गया था।

डब्ल्यूएचओ के मानक के अनुसार यह तय मापदंड से तीन गुना अधिक था। महाकाल मंदिर के अलावा आगर रोड और चामुण्डा माता चौराहा क्षेत्र में भी प्रदूषण का स्तर 155 एक्यूआई से ऊपर था।

उल्लेखनीय है कि वीकेंड के दौरान शहर में महाकाल दर्शन तथा महाकाल लोक देखने के लिए आने वाले लोगों की संख्या आम दिनों के मुकाबले कई गुना बढ़ जाती है। वर्तमान में गणतंत्र दिवस के बाद से उज्जैन में बाहर से आने वाले वाहन बढ़ गए हैं और इसका असर शहर की हवा पर साफ नजर आता है। इसके कारण आज सुबह सवा 10 बजे के लगभग प्रदूषण विभाग द्वारा यहां चौराहे पर लगाए गए वायु गुणवत्ता मापक यंत्र पर सूचकांक 159 एक्यूआई तक पहुंच गया था। वहीं आगर रोड पर यही सूचकांक 151 एक्यूआई बता रहा था, जबकि चामुण्डा माता चौराहा पर यह आंकड़ा 159 पर था। ऐसे में आज जहां एक ओर अवकाश के कारण शहर में सुबह वाहन सडक़ों पर कम नजर आ रहे थे, लेकिन महाकाल क्षेत्र में तथा पहुंच मार्गों पर बड़ी संख्या में वाहन दिखाई दे रहे थे। यही कारण था कि महाकाल क्षेत्र में आज सुबह से ही वायु प्रदूषण का स्तर तीन गुना बढ़ गया था। बता दें कि 50 एक्यूआई तक आबोहवा स्वास्थ्य के लिए ठीक मानी जाती है, लेकिन इससे अधिक होने पर यह क्रमशः खराब, खतरनाक और बेहद खतरनाक की श्रेणी में पहुंच जाती है। आज सुबह उक्त तीन स्थानों पर हवा की स्थिति खतरनाक श्रेणी की थी। यह प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है और इसका कारण अधिक ट्राफिक का आना है और भीड़ भी मुख्य कारण है।

# बाहर से मजदूरी के लिए उज्जैन आ रहे मजदूरों का नहीं हो रहा पुलिस वेरिफिकेशन

## धार, झाबुआ सहित बिहार, महाराष्ट्र और गुजरात से मजदूरी के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकाल लोक निर्माण के बाद से उज्जैन में बाहर से मजदूरी के लिए आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं निर्माण कार्यों के चलते भी ठेकेदार बड़ी संख्या में बाहर से मजदूर बुला रहे हैं। परंतु इनमें से अधिकांश बाहर से आए मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा।

उल्लेखनीय है कि आगामी वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व आयोजित होने जा रहा है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर शहर में निर्माण कार्य शुरु हो गए हैं और कई कार्य आरंभ होने जा रहे हैं। इसके अलावा 2 साल पहले महाकाल लोक का लोकार्पण होने के बाद से उज्जैन में धर्मशाला, होटल, रेस्टोरेंट पर कर्मचारियों की भी आवश्यकता बढ़ गई है।

यही कारण है कि अधिकांश होटल और रेस्टोरेंट पर धार, झाबुआ सहित बिहार, महाराष्ट्र और गुजरात से आए मजदूर और अन्य कार्य में पारंगत लोग यहां आकर अपनी आजीविका चलाने के लिए काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं छत्री चौक और फ्रीगंज स्थित मजूदर सराय पर भी पहले के मुकाबले दिहाड़ी मजदूरों की भीड़ नजर आने लगी है। शहर में चल रहे कई बड़े निर्माण कार्यों के लिए स्थानीय तथा बाहर की ठेका कंपनियां भी उज्जैन के बाहर से तथा अन्य प्रदेशों से लेबर यहां लेकर आ रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि इनमें से ज्यादातर बाहरी लोगों के पुलिस वेरिफिकेशन ही नहीं हो पाए हैं। ऐसे में पुलिस अधीक्षक को बाहर से उज्जैन आ रहे काम करने वाले लोगों व मजूदरों के वेरिफिकेशन के लिए अभियान चलाना चाहिए। संभवतः इनमें से कई लोग अपराधी भी हो सकते हैं।

# सुबह कोहरे और तेज ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल गए बच्चे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनवरी माह आखिरी हफ्ता चल रहा है और ठंडी हवाओं का दौर रह-रहकर जारी है। इसी बीच आज से स्कूल फिर घना कोहरा और बादल छाए रहे और कड़ाके की ठंड के बीच बच्चों को स्कूल जाना पड़ा। ठंड के मौसम में दिसंबर से सुबह की शिफ्ट का समय परिवर्तित कर 10 बजे के बाद से कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि बाद में शीतलहर का प्रभाव कम होने के बाद पूर्व निर्धारित समय पर स्कूल लगने लगे थे। इधर आज सुबह फिर मौसम बदल गया और 9 बजे तक कोहरा छाया हुआ था। आसमान भी बादलों से घिरा हुआ था। इस बीच आज सुबह 7.30 बजे से ही स्कूली बसें प्रमुख चौराहों पर दिखना शुरू हो गई थीं। ठंडी हवाओं के बीच बच्चे सीमित संख्या में स्टॉप पर देखे गए। वहीं कई बच्चों की बस भी छूट गई। इसके बाद अभिभावकों को स्कूल तक दौड़ लगाना पड़ी और अपने बच्चों को छोडऩे जाना पड़ा।

# उज्जैन की सडक़ों पर सैकड़ों बच्चे माँग रहे भीख, मंदिरों के आसपास भीड़

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार द्वारा उज्जैन जिले में भिक्षुक मुक्त उज्जैन प्रकल्प का पायलट प्रोजेक्ट 2020 से चलाया जा रहा है और इसे 5 साल पूरे हो गए हैं। लेकिन इसके बावजूद शहर की सडक़ों पर हजारों भिक्षुक विभिन्न चौराहों पर भीख मांग रहे हैं, जिनमें सैकड़ों बच्चे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। उल्लेखीय है कि धार्मिक नगरी उज्जैन को इस वर्ष 2026 के अंत तक भिक्षुक मुक्त करने का सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों को जवाबदारी दी गई है। बावजूद इसके उज्जैन की सडक़ों पर सैकड़ों से अधिक बच्चे विभिन्न चौराहों पर भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। पेन, पेंसिल, किताबें बेचने के नाम पर भीख मांगने का तरीका बदल गया है और दिन-ब-दिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। दो साल पहले कलेक्टर द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार शहर में सैकड़ों बच्चों सहित लगभग हजारों लोग भिखारी हैं। नगर निगम, स्मार्ट सिटी, चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से शहर में एक बार फिर अभियान छेडऩे की योजना बनाई गई थी। उस समय कुछ दिन अभियान चला था और कार्ययोजना बनाकर बच्चों को भिक्षा छुड़ाकर शिक्षा से जोडऩे की रणनीति तैयार की गई थी। लेकिन फिर यह अभियान बंद हो गया।

# ध्वजारोहण के साथ किया सम्मान, पहेली प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल जयवंतपुर खेड़ा मक्सी रोड पर 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि युवराज सिंह सर्कल हेड पंजाब नेशनल बैंक, विशेष अतिथि भगवान शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। लीलादेवी पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भारत माता, सरस्वती माता का पूजन भी किया गया। गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण एवं पालकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में राजेश पाटीदार, मुकेश पाटीदार, संतोष पाटीदार, सुरेश पाटीदार, स्वयं प्रकाश, मनोरमा पाटीदार, ममता पाटीदार, अनिता पाटीदार, ज्योति पाटीदार, पूजा पाटीदार, दर्शन पाटीदार, रिया पाटीदार, धैर्य पाटीदार, चेतन सत्यप्रकाश, रामबाबू, दर्शन, चेतना, सुमित, कान्हा, यति पाटीदार आदि उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर संस्था प्राचार्य अनामिका व्यास, संस्था उपप्राचार्य राजीव सक्सेना ने सभी छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उपस्थित अतिथि ओर पालकगणों द्वारा स्कूल में नवीन निर्मित 400 कंप्यूटर की लेब का उद्घाटन किया गया। साथ ही सभी को कंप्यूटर लेब का भ्रमण भी करवाया गया। कार्यक्रम में पहेली प्रतियोगिता में जितने वाले छात्र यशराज मंडलोई, मोहित मंडलोई, रोशन मंडलोई, अक्षरा नरवरिया को प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में टीचिंग स्टाफ ईश्वर चौधरी, माया चौधरी, सुरेखा गिलहोत्रा, शालिनी पांड्या, प्रीति शर्मा, प्रिया वर्मा, महालक्ष्मी चौहान, किरण सिकरवार, तुषार कांत देव, कुसुम परिहार, गर्विता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। संचालन किरण यादव एवं शची वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित धर्मेंद्र, सपना मालवीय, रेशम बाई, सवाई सिंह द्वारा लोकगीत की प्रस्तुति भी दी गई। समापन पर सभी गणमान्य नागरिक एवं बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। अतिथियों का कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त प्रवीण नायक द्वारा किया गया।

# सिद्ध योग मठ अखाड़ा की महत्वपूर्ण बैठक हुई सिंहस्थ 2028 एवं सनातन धर्म रक्षा पर हुई चर्चा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गऊघाट स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज के मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 डॉ. वैभव आलोणी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर सिद्ध योग मठ अखाड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक आचार्य डॉ. अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें देशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज की आरती से की गई, जिसके पश्चात सभी ने भगवान से आशीर्वाद लेकर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। पवन जैन एवं रविन्द्र कार्तिकेय ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सनातन धर्म की रक्षा तथा आगामी सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सर्वसम्मति से घनश्याम दास पुजारी को मालवा प्रांत का धर्म प्रचारक नियुक्त किया गया। बैठक में संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अर्जुन शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक मजबूती के साथ कार्य करना होगा तथा हिंदू समाज को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंहस्थ 2028 की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं और उज्जैन शहर में विकास कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।















































